● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 99, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 16 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र


# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अमेठी में खूब गरजे सीएम योगी 5

जीत के बाद भी दिल्ली को राहत नहीं 6



## पीओके पर भारत का अधिकार : शाह

### अमित शाह का कांग्रेस पर तीखा हमला, अलग-अलग मुद्दों पर विपक्ष को घेरा

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार के दौरान अलग अलग मुद्दों पर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीओके सिर्फ भाजपा की ही प्रतिबद्धता नहीं बल्कि देश की संसद की भी प्रतिबद्धता है। शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान के पास एटम बम होने की बात करते हैं। उन्होंने कहा 'विपक्ष के नेता पाकिस्तान का सम्मान और पीओके को पाकिस्तान को सौंपने की बात करते हैं। राहुल गांधी को जनता के सामने इसका जवाब देना चाहिए।' पीओके में चल रहे प्रदर्शनों पर शाह ने कहा कि वहां अव्यवस्थाएं फैली हैं। समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर यूसीसी भाजपा के संकल्प पत्र का एक अहम मुद्दा है। उन्होंने कहा 'भाजपा एक देश-एक चुनाव का नियम भी लाना चाहती है और इस पर भी चर्चा होनी चाहिए। यह हमारे संकल्प पत्र का अहम मुद्दा है।'

श्रीनगर में भाजपा के चुनाव न लड़ने पर अमित शाह ने कहा 'हम स्वीकार करते हैं कि अभी कश्मीर में हमारा संगठन मजबूत नहीं है। जब संगठन ताकतवर होगा, तो हम वहां चुनाव लड़ेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हम जीत कर भी आएंगे।'

अमित शाह ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। दरअसल केजरीवाल ने कहा था कि अमित शाह प्रधानमंत्री बनेंगे। इसके जवाब में गृहमंत्री ने कहा कि केजरीवाल केवल 22



सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए उनके बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। शाह ने कहा कि मोदी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे और उसके बाद भी मोदी ही भाजपा का नेतृत्व करेंगे। विपक्ष द्वारा हाल ही में बालाकोट हमले और पुलवामा हमले पर सवाल उठाए गए थे। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के शासन में आतंकियों को घर में घुस कर मारा गया और अनुच्छेद 370 हटने के बाद भाजपा सरकार ने कश्मीर में हालात बदले हैं। शाह ने आगे कहा कि अगर विपक्ष ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की प्रतिक्रिया देखी होती तो वे सवाल नहीं उठाते। गृहमंत्री ने कहा 'विपक्ष के नेताओं की मानसिकता छोटी हो गई है और इसलिए, लोगों को गुमराह कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह सरकार के दस साल में इतने बम धमाके हुए और इसका कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। ओडिशा में विधानसभा चुनाव पर अमित शाह ने कहा कि नवीन पटनायक को भी स्वीकार कर लेना चाहिए कि ओडिशा के लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा का हाल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे स्थिर सरकार वाले अन्य राज्यों की तरह नहीं है, राज्य में विकास नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोग सोचते हैं कि राज्य में कोई और ही सरकार चला रहा है। शाह ने ओडिशा में भाजपा के सीएम के चेहरे पर कहा 'हमारे पास अच्छा नेतृत्व और बहुत अनुभवी लोग हैं। कई अनुभवी नेता हमारे साथ शामिल हुए हैं।'

कोलकाता के संदेशखाली की घटना पर केंद्रीय गृहमंत्री ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा 'टीएमसी की यही कार्यशैली है कि पहले जुल्म करो और जब लोग इस बारे में बात करें तो छुपाओ।

## कांग्रेस की होगी करारी हार, संवैधानिक रूप से विपक्ष भी नहीं बन पाएंगे : मोदी

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के चार चरण के लिए मतदान हो चुके हैं। तीन चरण अब भी शेष हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। नेता एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर



लेंगी। जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उस दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।

सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15% सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराएं हैं।

## 14 लोगों को दिए गए सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली।** सीएए को लेकर लोकसभा चुनाव में सियासी वार-पलटवार के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने इसके तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर दिया है। इस कानून के तहत बुधवार को पहली बार केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने दिल्ली में 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही देश भर के करीब 31 हजार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दल न सिर्फ इसका तीखा विरोध कर



रहे हैं, बल्कि सत्ता में आने पर इस कानून को खत्म करने का वादा भी कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा सीएए का विरोध करने वाले दलों को हिंदू विरोधी बता कर लगातार पलटवार कर रही है। पार्टी नेता विपक्ष पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा ने इस बार के अपने घोषणा पत्र में सीएए का वादा किया था। करीब दो महीने पहले कानून लागू होने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू कर भाजपा ने बीच चुनाव में ही अपना वादा पूरा कर दिया है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) इस साल 11 मार्च को देश में लागू हो गया था। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। बाद में इस विधेयक को राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया था। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।

## सीमा हैदर को लेकर नए दावे

**पानीपत।** भारत में सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर का केस लड़ रहे पानीपत के वकील मोमिन मलिक ने दावा किया है कि सीमा हैदर के चाचा गुलाम अकबर हैं। पाकिस्तान आर्मी में ट्रेनिंग देते हैं। सीमा अक्सर अपने चाचा के पास जाती थी। वे छावनी में रहते थे। सीमा एक-एक सप्ताह रहकर वापस आ जाती थी। अकेले ही जाती थी। उसे लेने के लिए एक रिक्शावाला आता था। वो अब नजर नहीं आ रहा है, कहीं गायब हो गया है।पाकिस्तान से प्रेमी सचिन मीणा के पास ग्रेटर नोएडा आई सीमा हैदर के बारे में उसके एक करीबी ने नया खुलासा किया है।

## जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया है कि जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी भी तभी की जा सकती है, जब व्यक्ति को दोषी साबित करने के लिए विश्वसनीय सबूत और ठोस सामाग्री हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बुधवार को सीमा शुल्क अधिनियम और जीएसटी से संबंधित प्रावधानों की



संवैधानिक वैधता और व्याख्या को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई की। मामले में पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता से अलग है। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि कानून का उद्देश्य यह बिल्कुल नहीं है कि जांच पूरी करने के लिए किसी को गिरफ्तार किया जाए। जीएसटी के सभी मामलों में गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है। गिरफ्तारी विश्वसनीय साक्ष्य और ठोस सामाग्री पर ही आधारित होनी चाहिए।

पीठ ने गिरफ्तारी के प्रावधानों को लेकर राजू से सवाल किए। पीठ ने कहा कि कानून ने स्वतंत्रता को उच्च स्तर पर रखा है, इसे कमजोर नहीं किया जा सकता।

## झारखंड के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच, बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि हाल ही में आलम के सचिव और उनके नौकर के घर से 36 करोड़ नकदी जब्त की गई थी, इसी मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा, आलम की मेडिकल जांच के बाद सदर अस्पताल रांची के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मयूख कुमार ने बताया कि वह ठीक हैं लेकिन बीपी थोड़ा बढ़ा हुआ था लेकिन यह सामान्य सीमा के भीतर है।

## एमपी में सक्रिय दलालों की लिस्ट जारी करेगी कांग्रेस : जीतू पटवारी


**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मध्यप्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में दलाल सक्रिय हैं। भाजपा नेताओं ने अपने दलाल हर विभाग में भेज दिए हैं। जो सीएम मोहन यादव हमारे परिवार के हैं, हमारे रिश्तेदार हैं हम ट्रांसफर करा देंगे, आपका टेंडर करवा देंगे। इस तरह की बात कर लोगों को लूट रहे हैं। बहुत जल्द एक लिस्ट जारी करेंगे कि किस विभाग में और मुख्यमंत्री के कार्यालय में कौन-कौन से दलाल सक्रिय हैं। स्कूल संचालक द्वारा दुष्कर्म मामले में जीतू का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी भाजपा से जुड़ा है, इसलिए उसके घर पर बुलडोजर नहीं चला।

जीतू पटवारी ने कहा कि तीन महीने पहले विधानसभा में बड़ी हार के बाद पूरी कांग्रेस ने एकजुटता से चुनाव लड़ा। नतीजे डबल डिजिट में सीटें आ जाएं तो आश्चर्य मत करना। अब हमारा काम संगठन को मजबूत करना है। हमारी क्या कमियां हैं, उनमें सुधार करेंगे।

## मप्र में सरकार का पहला बजट जुलाई में, तैयारी में जुटे विभाग

**भोपाल।** डा. मोहन यादव सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई में प्रस्तुत होगा। वित्त के साथ-साथ अन्य विभाग भी इसकी तैयार में जुट गए हैं। सभी से मई के अंत तक प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया है। इस बार बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है।

इसमें कर्मचारियों को 56 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता देने, तीन प्रतिशत वेतन में वृद्धि, संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में आठ प्रतिशत की वृद्धि के हिसाब से प्रविधान रखे जाएंगे। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर अंशदान विभागों को रखना होगा। लोकसभा



चुनाव के कारण सरकार ने पूर्ण बजट प्रस्तुत न करके एक लाख 45 हजार करोड रुपये का लेखानुदान प्रस्तुत किया था। जुलाई 2024 तक के लिए यह व्यवस्था की गई है। इसमें किसी तरह कर संबंधी नए प्रस्ताव तथा व्यय के नए मद सम्मिलित नहीं किए। द्वितीय अनुपूरक बजट में कुछ नई योजनाएं शामिल कर ली गई थीं। अब विभागों ने बजट की तैयारी प्रारंभ की है। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा कि आवश्यक व्यय के प्रविधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं। केंद्र सरकार के अनुसार महंगाई भत्ता और राहत के लिए बजट स्थापना व्यय में रखें। इसकी गणना ठीक से कराएं ताकि कोई समस्या न आए। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के लिए राज्यांश पर्याप्त मात्रा में रहे। अधोसंरचना विकास के कार्य मध्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में हैं, इसलिए उनके प्रस्ताव समय से भेजें ताकि आवश्यक राशि का प्रविधान किया जा सके। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा है कि वे नई योजनाओं के प्रस्ताव प्रशासकीय स्वीकृति के बाद ही भेजें। इसमें उसका औचित्य और क्या लाभ होगा, उसका विवरण अवश्य दें। यदि कोई ऐसी योजना, जो केंद्र सरकार द्वारा भी संचालित की जा रही है तो उसके संविलियन का प्रस्ताव दें।

## वाराणसी से कॉमेडियन रंगीला का नामांकन खारिज

**वाराणसी**

कॉमेडियन श्याम रंगीला का नामांकन खारिज कर दिया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से चुनाव लड़ने के लिए रंगीला ने निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल किया था।

वाराणसी से प्रधानमंत्री समेत 40 लोगों ने नामांकन पर्चा भरा था। इससे पहले श्याम रंगीला ने आरोप लगाया कि मुझे तीन दिन तक पर्चा देने के लिए दौड़ाया गया। श्याम रंगीला ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेरा नामांकन खारिज कर दिया गया है, जिसमें राजनीति दिख रही है। मैं हंस लूं या रो लूं? मुझे बोला गया कि आपने शपथ नहीं ली। मैंने कहा कि आपने दिलाई नहीं। तो अधिकारियों ने कहा कि वह आपका काम है, हमारा नहीं। दूसरी बात यह कि हमें कहा गया कि आपने 14 मई को 2 बजकर 58 मिनट पर फॉर्म दिया, जबकि हम तो 10 तारीख से इंतजार कर रहे थे। 13 तारीख को पूरे दिन कतार में लगे रहे।

## झरोखा




## ग्वालियर राजघराने की राजमाता माधवी का निधन, आज रानी महल लाया जाएगा पार्थिव शरीर



**भोपाल।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। माधवी राजे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। 15 फरवरी को उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था और तब से ही उनकी तबियत खराब चल रही थी। दिल्ली के एम्स से जुड़े सूत्रों ने कहा कि माधवी राजे ने सुबह 9ः28 बजे अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिन से वह वेंटिलेटर पर थीं और जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही थीं। उन्हें 15 फरवरी को एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें सेप्सिस के साथ निमोनिया भी हो गया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं, जहां सात मई को मतदान हुआ था। चुनाव प्रचार के दौरान भी सिंधिया का लगातार दिल्ली दौरा होता रहा था। भाजपा के कद्दावर नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया मूल रूप से नेपाल की रहने वाली थीं। उनका नेपाल के राजघराने से संबंध था। उनके दादा जुद्ध शमशेर बहादुर नेपाल के प्रधानमंत्री थे। साल 1966 में उनका माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था। माधवी राजे को सांस में तकलीफ होने पर 15 फरवरी को दिल्ली के एम्स में भर्ती किया गया था। वह लाइफ सपोर्ट सिस्टम (वेंटिलेटर) पर थीं। खुद ज्योतिरादित्य ने गुना में चुनाव प्रचार के दौरान राजमाता के बीमार होने की जानकारी दी थी। दो मार्च को 195 प्रत्याशियों की सूची में भाजपा ने सिंधिया को गुना-शिवपुरी से उम्मीदवार बनाया था।

## गलवान में एलएसी से आगे तैनात हैं दोनों देशों की सेनाएं : जयशंकर

**नई दिल्ली।** चीन और भारत के बीच एलएसी सीमा विवाद काफी लंबे समय से जारी है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बलों की तैनाती असामान्य है। देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जयशंकर मंगलवार को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने गलवान झड़प का जवाब वहां बलों की जवाबी तैनाती से दिया।

जयशंकर ने कार्यक्रम में बताया कि 1962 की जंग के बाद 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन की यात्रा की। इसका उद्देश्य स्पष्ट था कि चीन और भारत संबंधों को सामान्य बनाएंगे। यात्रा का उद्देश्य सीमा मतभेदों पर चर्चा करने के साथ-साथ सीमा पर शांति के बनाए रखना था। लेकिन 2020 में चीनियों ने इस समझौते को तोड़ दिया। भारत कोविड-19 लॉकडाउन में था, ऐसे समय पर चीन ने सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी। अब चीजें बदल गई हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी चीन की तैनाती का कड़ा जवाब दिया। हमने भी अपनी सेनाएं वहां तैनात की। पिछले चार साल से सेनाएं गलवान में सामान्य बेस पोजीशन से आगे तैनात हैं। एलएसी पर यह तैनाती असामान्य है। तनाव को देखते हुए, भारतीय नागरिक के रूप में हमें देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं करनी



चाहिए। चीन के साथ संघर्ष आर्थिक चुनौती भी है।

हाल ही में, चीन ने अरुणाचल प्रदेश के मौजूद स्थानों के नाम बदल दिए थे। चीन के इस दावे को जयशंकर ने खारिज करते हुए कहा था कि नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ेगा। वे भी जानते हैं कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा था कि आज अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा। नाम बदलने से कोई असर नहीं पड़ता है। भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मुस्तैदी के साथ खड़ी है।

पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद तब शुरू हुआ, जब चीनी सैनिकों ने चार स्थानों पर घुसपैठ की और भारतीय सीमा में काफी अंदर तक आ गए। मई की शुरू में चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारी वाहन, टैंक, तोपखाने और 6,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया। भारत ने भी इन स्थानों पर इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है। भारत की सेना ने चीनी सैन्य बल की संख्या के मुताबिक अपने सैनिकों और उपकरणों को तैनात किया है। साथ ही भारत ने चीन के विरोध के बाद भी सीमा पर अपनी परियोजनाओं को नहीं रोका।

चीन के अलावा ईरान के साथ चाबहार समझौते से जुड़ी अमेरिका की टिप्पणी पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, लोगों को यह समझना चाहिए कि यह वास्तव में सभी के लाभ के लिए है। उन्होंने कहा, %मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। इसके बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। उन्होंने अतीत में ऐसा नहीं किया है। यदि आप अतीत में चाबहार के प्रति अमेरिका के अपने रवैये को देखें, तो अमेरिका इस तथ्य की सराहना करता रहा है कि चाबहार की व्यापक प्रासंगिकता है। इसलिए हम इस पर जरूर काम करेंगे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुरु हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सिंगरौली नगर पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2024 का आयोजन जिले के प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एवं विभिन्न खेल मैदानों पर दिनांक 15 मई 2024 से 15 जून 2024 तक प्रात: 6 बजे से 7.30 बजे एवं सायं 5.30 बजे से 7 बजे तक 30 दिवसीय शिविर लगाया जा रहा हैं। शिविर आयोजन के संबंध में दिनांक 14 मई 2024 को राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया की विभिन्न खेल संघों एवं ब्लाक युवा समन्वकों के माध्यम से खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जावेगा।

समर कैम्प में बालक,बालिकाऐं भाग लेने हेतु खेल विधा कुश्ती डॉ.प्रदीप कछवाहा, अर्पित गुप्ता काइट्स राईज पब्लिक स्कूल बैढ़न, फुटबाल लवकुश तिवारी खेल मैदान दुधीचुहा, असगर अली राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न, संजय गौतम खेल मैदान विन्ध्यनगर, निवास पनिका खेल मैदान निगाही, सुरेश विश्वकर्मा खेल मैदान जयंत, कुडो कु.शान्ति विश्वकर्मा मल्हार पार्क बैढ़न, कराते भोला वर्मा राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न, सिन्टू साकेत शा.पूर्व मा.वि.देवरा, अजय बसोर सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान नंदगांव, बास्केटबॉल अनूप कुमार पाठक सेंट जोसेफ विघालय बिलौजी, कबड्डी सुखचैन शुक्ला, पंकज सिंह रामसजीवन शाह खेल मैदान निगाही, स्केटिंग आशिक रसूल रामलीला मैदान गनियारी, व्हालीवॉल पंचदेव सिंह एन.सी.एल व्हालीवॉल मैदान मोरवा, क्रिकेट प्रियंक तिवारी राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न, राकेष मिश्रा सेंट जोसेफ विघालय बिलौजी, ताईक्वाडों प्रेमानंद साहू विजय स्टेडियम जयंत, वुषु गणेश विशाल सिंह खेल मैदान मोरवा,फुटबाल जगदीष सिंह शा.उत्कृष्ट वि.खेल मैदान चितरंगी, खो-खो लालसुन्दर सिंह शा.उ.मा.वि. खेल मैदान बगदरा, व्हालीवॉल श्रीमति सुनीता मिश्रा थाना परिसर जियावन व्हालीवॉल मैदान, क्रिकेट / फुटबाल मोहम्मद कादिर शा.उ.मा.वि.खेल मैदान सरई खेल मैदानों में संपर्क कर निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है। पी.एस.परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सिंगरौली के द्वारा बताया गया कि शिविर में आवेदन पत्र प्राप्त कर आयु सीमा 6 से 18 वर्ष के बालक/बालिका निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण विभिन्न खेलों में प्राप्त कर सकते है।

# पुलिस अधीक्षक ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम घोषित होने पर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**सिंगरौली।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने उपरांत पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा नवीन पहल करते हुए जिला सिंगरौली के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को अभिभावकों/शिक्षकों सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रुस्तम जी कॉन्फ्रेंस हॉल में होनहार छात्र-छात्राओं के लिए टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में छात्र - छात्राओ से वन टू वन परिचय लिया गया। साथ ही अव्वल अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। सभी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उन्हें यह भी भरोसा दिलाया कि आपके आगे बढ़ने में आपको जब कभी भी मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़े, तो आप किसी भी समय आकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैंपस में दिशा लर्निंग सेंटर भी चलाया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है, आप इसका भी लाभ ले सकते हैं। दिशा लर्निंग सेंटर में आपको लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें विभिन्न प्रकार की पुस्तकें रखी गई हैं, जिसका आप लाभ ले सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा टॉपर्स को शील्ड, पेन, डायरी देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कक्षा 10वी से विधि सिंह, शेख संजीदा परवीन, शिखा सिंह, आसा सिंह, स्वास्तिक पटेल, आशुतोष कुमार, तन्नू सिंह, अइना समांता, श्रीराम वैश्य, एकांशी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कक्षा 12 वी से अधिरा, अरुणोदय सिंह, शिल्पा कुमारी, हरिओम गुप्ता उपस्थित रहे।

टॉपर्स सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, केशव सिंह चौहान रक्षित निरीक्षक, आशीष तिवारी सूबेदार, सउनि अलीम खान प्रभारी कंट्रोल रुम एवं छात्र-छात्राओ के माता-पिता व स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

# फायर एनओसी और बिलिंग परमिशन अभियान जारी

## सिंगरौली को स्वच्छ बनाने के लिए तैयार नगर निगम



**सिंगरौली।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर में जल भराव की स्थिति ना बने । इसके चलते सर्वे से चिन्हित स्थल पर निगम की कारवाई जारी है ।इसी क्रम में आज निगम आयुक्त के निर्देशानुसार और उनकी उपस्थिति में एसटीपी 2 प्लांट के पास बने नाले से जेसीबी से पाइप निकलने की कार्रवाई की गई। इसके बाद निगम आयुक्त ने जुड़वा तालाब और पार्क का भ्रमण कर पार्क की स्वच्छता व्यवस्था देखी। भ्रमण उपरान्त निगम आयुक्त ने तालाब की साफ-सफाई और पार्क को विवस्तित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि नगर को साफ -स्वच्छ बनाना निगम की जिम्मेदारी है और इसके लिए निगम हर तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। किसी भी प्रकार की अनिमीयता और लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा।अगर ऐसा पाया गया तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वही आयुक्त के निर्देशानुसार फायर एनओसी और बिल्डिंग परमिशन के अभियान के तहत आज वार्ड क्रमांक 32 मे निर्माणाधीन भवन का भवन-अनुज्ञा अनुसार निर्माण न पाए जाने पर गठित दल द्वारा कार्य बंद कराया गया। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि फायर एनओसी और बिल्डिंग परमिशन का अभियान इसी तरह जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी रहेगी।

निगम की गठित टीम के द्वारा निरंतर फायर एनओसी और बिल्डिंग परमिशन का सर्वे कार्य के साथ नोटिस की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त के द्वारा नगर के नागरीको से भी अपील की गई है कि जिनकी फायर एनओसी और बिल्डिंग परमिशन नहीं है वह नियमानुसार निगम के द्वारा बिल्डिंग परमिशन और फायर एनओसी को प्राप्त करे और नगर को व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

# चितरंगी विकासखण्ड में महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर हुई समीक्षा बैठक

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना प्राथमिकता : चंद्रशेखर शुक्ला



**सिंगरौली।** ग्रीष्मकाल को मद्देनजर रखते हुए चितरंगी विकासखण्ड में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय समद्धक्षा बैठक आयोजित की गई। आज दिनांक 15 मई 24 को जनपद पंचायत चितरंगी में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री शुक्ला ने जनपद पंचायत चितरंगी में पेयजल आपूर्ति के संबंध में विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों में स्थित बसाहतों में पेय जल आपूर्ति के संबंध में ,साथ ही हेण्डपंपों की वर्तमान स्थिति के संबंध में गहन समीक्षा की । उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देतें हुए कलेक्टर ने कहा कि पेयजल समस्या का निराकरण कराना एवं ऐसे क्षेत्र जहां पेयजल की कठिनाई हो रही है या समस्या है उसे हल कराना प्राथमिकता बताया। समीक्षा बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत के सचिव सहायक सचिव पटवारी को अपने ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत पेयजल के संबंध में वास्तविक स्थिति को देखने के निर्देश दिए। सर्वे के दौरान यह स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि उक्त ग्राम पंचायत में उपलब्ध हैण्डपंप , उनकी वर्तमान स्थिति, चालू या बंद है, पेयजल के अन्य श्रोत क्या है को चिन्हित करने के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी निर्देश दिये ,कि ऐसे क्षेत्रों को भी चिन्हित करें जहां पर कोई भी पेयजल का श्रोत नहीं हैए उन स्थलों पर परिवहन के माध्यम से पेय जल मुहैया कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रधान मंत्री जनमन योजना के तहत हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के के निर्देश दिए। पात्र हितग्राहियों को आधार कार्डए समग्र आईडी, जाति प्रमाणपत्र, जन-धन खाता, किसान क्रेडित कार्ड, आयुष्मान कार्ड,पीएम सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभ से लाभांवित कराया जाय, ऐसे निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि कार्य में प्रगति लायें; आयुष्मान कार्ड की प्रगति के लिए आशा कार्यकर्ता, सीएचओ, ए.एन.एम., आंगनवाडी कार्यकर्ता डोर टू डोर कैम्पेन के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का बनाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने को कहा साथ ही यह भी निर्देश दिये कि मनरेगा का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, और मशीनों की अपेक्षा मजदूरों से मनरेगा रोजगारों की पूर्ति की जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिये किप्रस्तावित प्रयागराज सिंगरौली एन. एच. मार्ग निर्माण की धारा के प्रकाशन के पश्चात् हो रहे नवीन निर्माण आदि को रोकने के निर्देश दिए, इस हेतु क्षेत्र के निवासियों में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिया।बैठक के दौरान पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह , एसडीएम श्री सुरेश कुमार जाधव,चितरंगी जनपद सी.ई.ओ. हरिश्चन्द्र द्विवेदी,चितरंगी तहसीलदार श्री ऋषि नारायण, एसडीओ पीएचई श्री पटेल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चार सालों से लगातार पाँच सितारा खिताब के साथ पीईकेबी खदान बनी छत्तीसगढ़ की प्रथम खदान

## सरगुजा स्थित खदान को श्रेष्ठ संचालन के लिए कोयला मंत्रालय ने नवाजा

**सिंगरौली।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा खदानों के संचालन प्रणाली, पर्यावरण सुरक्षा व सुरक्षा इंतजामों तथा नये उपकरणों के उपयोग इत्यादि कठिन मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए परसा ईस्ट कांता बासन (पीईकेबी) ओपनकास्ट कोयला खदान को लगातार चौथे साल में भी पाँच सितारा खदान के खिताब से नवाजा गया है। जिले के उदयपुर ब्लॉक में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) की पीईकेबी कोयला खदान ने ओपन कास्ट कोयला खदानों के अनुभागों में पाँच सितारा सम्मान पिछले चार सालों से लगातार मिलने से छत्तीसगढ़ में नया रिकार्ड कायम किया है। राजस्थान के निगम की इस खदान से राज्य की 4340 मेगावाट क्षमता की तापीय विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति की जाती है जिससे आठ करोड़ उपभोक्ताओ को सस्ती और निरंतर बिजली मिल पा रही है । भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन में खदानों को पाँच सितारा रेटिंग के लिए बेहद सख्त सात मॉड्यूलों में खुली खानों और भूमिगत खानों के मूल्यांकन पैरामीटर विनिर्दिष्ट किये गए हैं। जिनमें भारत की 47 भूमिगत और 50 खुली खानों द्वारा स्व-मूल्यांकन के लिए विस्तृत मापदंडों के तहत आवेदन करना होता है।

पीईकेबी खदान को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में केन्द्रीय कोयला मंत्री, प्रल्हाद जोशी द्वारा पाँच सितारा खान से सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की ओर से निदेशक (तकनीकी) देवेन्द्र श्रृंगी ने प्राप्त किया। पीईकेबी खदान द्वारा खनन संचालन, पर्यावरण, प्रौद्योगिकियों को अपनाना एवं सर्वोत्तम खनन अभ्यास, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा अनुपालन संबंधी कारक में वर्ष 2022-23 में 93 फीसदी अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। दरअसल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की टीम द्वारा मूल्यांकन पैरामीटर में सभी लागू मापदंडों के अधिकतम अंकों का योग और उनके उच्चतम प्रतिशत के अनुसार ही सितारा का खिताब आवंटित किया जाता है, जैसे 91 से 100 फीसदी अंकों को 5 स्टार, 81 से 90 फीसदी में 4 स्टार, 71 से 80 फीसदी को 3 स्टार, 61 से 70 फीसदी को 2 स्टार, 41 से 60 फीसदी को 1 स्टार का सम्मान दिया जाता है वहीं 0 से 40 फीसदी अंकों पर कोई भी सितारा नहीं दिया जाता है। खान प्रबंधन द्वारा घोषित स्व-मूल्यांकन के बाद इसके मान्यकरण के लिए कोयला मंत्रालय का 'कोयला नियंत्रक संगठन' उत्तरदायी होता है।

# अवैध रूप से भरसेड़ा में रेत का परिवहन कर रहे महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली एवं घेराबंदी कर चालक को निवास पुलिस ने पकड़ा



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह की मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अरुण सिंह को मिली कामयाबी, रात्रि ग्रस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरसेड़ा से ट्रैक्टर ट्राली में अवैध रेत बरसेड़ा से लोड कर विक्री हेतु ग्राम परासी तरफ जा रहा है सूचना पर चौकी प्रभारी, हमराही स्टाफ को साथ लेकर मुखबिर के बताएं स्थान पर छिपकर इंतजार किया कुछ ही समय बात भरसेडा तरफ से बिना नंबर का ट्रैक्टर आते दिखाई दिया जिसे घेराबंदी कर रोककर देखा गया तो ट्रैक्टर ट्राली में करीबन तीन घन मी रेत लोड था ट्रैक्टर चालक से पूछताछ किया तो अपना नाम सुरेंद्र अगरिया पिता छोटेलाल अगरिया उम्र 25 वर्ष निवासी बरसेड़ा बताया लोड रेत के संबंध में दस्तावेज के बारे में पूछा गया तो उसके पास नहीं होना बताया गया, वाहन चालक व वाहन मालिक का यह कृत 379, 414 भा.द. वि 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत अपराध कायम कर जप्त सुदा ट्रैक्टर ट्राली सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया अपराध क़ायम को विवेचना में लिया गया। अहम भूमिका निरी ज्ञानेंद्र सिंह थाना प्रभारी अरुण सिंह चौकी प्रभारी दीप नारायण आशीष त्रिपाठी अमरदीप सिंह की सराहनीय रही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में मोरवा के विस्थापितों के साथ आयोजित हुई बैठक

## पुनर्वास व्यवस्था को लेकर की गई चर्चा



**सिंगरौली।** कलेक्ट्ट सभागार में मोरवा विस्थापन को लेकर की गई। चर्चा बैठक में उपस्थित विस्थापन मंच के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये] विस्थापन के लेकर इन सुझावों पर कलेक्टर एवं एन. सी.एल. के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विस्थापना सभा के सदस्यों ने विस्थापना से आम जनता के व्यवसाय तथा आजिविका पर होने वाले प्रभाव पर प्रकाष डालते हुए विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की बात रखी। इन मुद्दों पर एन सी एल के अधिकारियों द्वारा निति एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा यह निर्देषित किया गया कि हमारा प्रयास है कि विस्थापन निर्धारित नीति के तहत टुकडों में कराया जायेगा।भूमि की उपलब्धता को देखते हुए नगर निगम क्षेत्रों या उसके समीप क्षेत्रों में पुनर्वास कराने का प्रयास कराया जायेगा।कलेक्टर ने आष्वासन दिया कि पुनर्वास टाउनषिप में सर्व सुविधा उपलब्ध रहेगी। बैठक के दौरान एस डी एम सृजन वर्मा, राजेष शुक्ला एन सी एल सीएमडी बी साईराम सहित एन सी एल सदस्य तथा सिंगरौली विस्थापन मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

# अदाणी फाउंडेशन ने कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श कार्यशाला का किया आयोजन



**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा जिले की दक्ष परियोजना के सहयोग से मंगलवार को एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। माडा तहसील अंतर्गत करसुआराजा गांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में 10वीं और 12वीं के उतीर्ण विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें अलग-अलग विद्यालयों के 100 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए महान इनर्जेन लिमिटेड से तकनीकी प्रशिक्षण विभाग के हेड संजय यादव, आईटी डिपार्टमेंट के हेड शौम्य कांत शास्वत, अदाणी फाउंडेशन के मनोज प्रभाकर और ऋषभ पांडेय ने उनसे बातचीत की। जबकि 'दक्ष' टीम के सदस्य सोनी, खुशबू और सृष्टि के द्वारा छात्रों को विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देने के लिए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। इस तरह का कार्यक्रम छात्रों को उनके भविष्य के कैरियर विकल्पों और उनकी प्रोफेशनल योग्यता को समझने का एक अवसर प्रदान करता है। विशेषज्ञों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रोफेशनल डिग्रियों के मुताबिक कैरियर अपनाने का उचित सलाह दिया गया। छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और योग्यताओं के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में करियर के विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि वे अपने अध्ययन के मुताबिक उच्च शिक्षा या पेशेवर विकल्पों को समझ सकें। विशेषज्ञों के द्वारा उन्हें सलाह दी गयी कि व्यक्तिगत और पेशेवर उत्थान के लिए एवं कौशल विकास के लिए संशोधित शिक्षा योजनाओं को अपनाना चाहिए। प्रतिभागियों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों को अपने भविष्य की योजना बनाने में काफी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अदाणी फाउंडेशन के द्वारा स्थानीय बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई होनहार और ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थी कई बार आर्थिक रूप से संपन्न नहीं होने की वजह से कोचिंग की फीस नहीं दे पाते। इसी कड़ी में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से स्थानीय छात्र-छात्राओं के सहयोग से बैंक, एसएससी, रेलवे, संविदा शिक्षक, पटवारी, राज्य पुलिस और वन विभाग के लिए आयोजित होनेवाले प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग शुरू की गयी है। जरूरतमंद और होनहार बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन के द्वारा %एकलव्य% छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

# मंगल दिवस पर आंगनवाड़ी केंद्रों में गोद भराई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गर्भवती महिलाओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां**

**गर्भवती महिलाओं के उचित पोषण एवं स्वास्थ्य जांचों की दी गई समझाइस**

**संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने महिलाओं को किया गया प्रोत्साहित**

**सीधी।** जिले का शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (आईएमआर) प्रदेश एवं देश के शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (आईएमआर) से ज्यादा है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं है। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट अनुसार 06 वर्ष तक बच्चे 72.5 प्रतिशत 15 से 49 वर्ष की महिलाऐं 55.7 प्रतिशत एनीमिक है। एनीमिया एवं कुपोषण बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है। इसका समाधान करने के लिए पोषण अभियान अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत सामुदायिक गतिविधियों (मंगल दिवस) अंतर्गत द्वितीय मंगलवार को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

गोद भराई कार्यक्रम के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं सहायिका सहित पूर्व चिन्हित गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार सहित अन्य हितग्राही कार्यक्रम में उपस्थित थे। साथ ही ग्राम की महिला जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रही। आंगनवाड़ी केन्द्रों में गोदभराई की जगह पर रंगोली एवं स्थानीय रूचि अनुसार सजावट किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा उपस्थित सभी महिलाओं का स्वागत कर गर्भवती महिलाओं जिनका गोदभराई करना है, उन सभी महिलाओं के नाम पर ताली बजाया गया। सर्वसम्मति से वरिष्ठ एवं सम्मानीय महिलाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई प्रारंभ कर स्थानीय परंपरा अनुसार गर्भवती महिलाओं का पूजन किया गया तथा पूजन के अंत में गर्भवती महिलाओं के सिर पर हाथ रखकर आर्शीवाद दिया गया।



पूजन कार्य सम्पन्न हो जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा द्वारा गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल पर चर्चा किया गया जिसमें - गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व चार स्वास्थ्य जांच के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें गर्भवती महिला को टी. टी. का टीका लगाना, उसके खून की जांच (हीमोग्लोबिन का स्तर), पेशाव की जांच, बी.पी. (ब्लड-प्रेशर) की जांच आदि शामिल है। गर्भावस्था के चौथे माह से प्रति दिन एक आयरन फोलिक-एसिड की गोली, प्रसव के छः माह पश्चात तक सेवन करने एवं प्रति दिन दो कैल्शियन की गोली, प्रसव के छः माह पश्चात तक सेवन के संबंध में चर्चा किया गया। आयरन की गोलियों के खाने से होने वाली शुरूआती परेशानियों के बारे में बताते हुए आयरन एवं कैल्शियम की गोली को 2 घंटे के अन्तराल से खाने की सलाह दी गई। अतिरिक्त आहार की आवश्यकता, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से बने आहार, मोटे अनाज से बनी वस्तुओं का महत्व, सूक्ष्म पोषक तत्वों एवं विटामिन युक्त स्थानीय भोजन एवं आंगनबाड़ी से प्राप्त टी.एच.आर. के उपयोग आदि पर विस्तार से चर्चा किया गया।

गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के विषय में जानकारी दी गई। उन्हें नजदीकी प्रसव केंन्द्र एवं जटिलता प्रबंधन वाले प्रसव केन्द्रों की पहचान करने में मदद की गई। साथ ही गाड़ी की पहचान व आपातकालीन स्थिति के लिए पैसे जोड़ कर रखने की सलाह दी गई। गर्भावस्था से सम्बधित खतरे के चिन्हों के बारे में चर्चा किया गया, जिसमें अत्याधिक रक्तस्राव, तेज बुखार, सास लेने में तकलीफ, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, सिरदर्द दृष्टि का धुधंला होना, 12 घंटे से अधिक प्रसूति दर्द, प्रसूति दर्द के बिना पानी की झिल्ली का फटना आदि। प्रधानमंत्री मातृ-वन्दना योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ अभियान- जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा (प्रसूति सहायता) योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाले लाभों के विषय में जानकारी दी गई जिसमें- प्रधानमंत्री मातृ-वन्दना योजना के अंतर्गत प्रथम प्रसव हेतु शीघ्र पंजीयन कराने पर राशि रूपये 1000, गर्भावस्था के 6 माह पश्चात जांच कराने पर राशि रूपये 2000 एवं प्रसव उपरांत जन्म पंजीकरण एवं बी.सी.जी., ओ.पी.व्हीऔर हेपेटाइटिस बी की प्रथम डोज के बाद राशि रूपये 2000 प्रदाय करने का प्रावधान है। जननी सुरक्षा योजन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में राशि रूपये 1400 एवं शहरी क्षेत्र में राशि रूपये 1000 का प्रावधान है। मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशि रूपये 16000 तक का प्रवधान है। जिसमें उक्त योजना के अंतर्गत मिलने वाला लाभ भी शामिल है।

गोद भराई कार्यक्रम में बताया गया कि सामान्य वजन वाले नवजात शिशु को कम से कम एक सप्ताह विशेष देखभाल की जरूरत होती है। 2 किलोग्राम से कम वजन वाले नवजात को 28 दिन से ज्यादा विशेष देखभाल की जरूरत होती है, जिसमें उसके शरीर के तापमान को सामान्य बनाये रखने हेतु माँ द्वारा बच्चे को 'कंगारु केयर' विधि द्वारा शरीर से चिपकाकर रखा जाता है। इस प्रक्रिया मे परिवार के सभी बड़े सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में उपस्थित धात्री माताओं को जानकारी दें कि 6 माह तक केवल स्तनपान जारी रखने की आवश्यकता एवं शिशु को ऊपर से डॉक्टर के सलाह पर दवा के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के तरल पदार्थ दिये जाने से संक्रमण का खतरा बना रहता हैं। आई.एल.ए. प्रशिक्षण अंतर्गत प्राप्त टेक-अवे सन्देश सभी को दिखायें और उसमें दिये गये संदेशों को सभी उपस्थित के बीच पढ़ कर सुनाया एवं समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति हितग्राहियों द्वारा पूछें गये प्रश्नों तथा मातृ एवं शिशु पोषण से सम्बंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी आंनगबाडी कार्यकर्ता एवं आशा द्वारा किया गया। जटिल प्रश्न के जबाब में कार्यकर्ता व आशा को शंका होने की स्थिति में उनके द्वारा दूरभाष पर ए.एन.एम अथवा पर्यवेक्षक से परामर्श प्राप्त कर उपस्थित हितग्राहियों के प्रश्न का समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर कार्यक्रम को उत्सव का रूप देकर कार्यक्रम समापन पर सभी उपस्थित हितग्राहियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.सी. त्रिपाठी के निर्देशन में सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक द्वारा भ्रमण कर उक्त मंगल दिवस अंतर्गत द्वितीय मंगलवार को गोदभराई कार्यक्रम का जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में सफल आयोजन किया गया।

## पूजा पार्क में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाया गया

**सीधी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई सीधी के तत्वाधान में स्थानीय पूजा पार्क स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान का प्रकटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में कायस्थ पुरूष-महिला एवं बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सायं काल 6 बजे से समाज के युवा वर्ग ने पूजा-अर्चना की सम्पूर्ण व्यवस्था की और आगंतुको का स्वागत महासभा के अध्यक्ष जे.पी. श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कायस्थ परिवार के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर बधाई दी गई। स्थानीय अर्जुन नगर निवासी सुधांशु वर्मा उप प्राचार्य एवं अ.भा.का.म.स. महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव के पुत्र प्रभांशु एवं कृपांशु के 10वीं कक्षा में विद्यालय में गणित विषय में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने पर समस्त चित्रांश बन्धुओं ने बधाई प्रेषित किया। तत्पश्चात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भाँति प्रत्येक रविवार को नगर के चित्रांश बन्धुओं के निवास पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाय जिसकी सभी उपस्थितों ने सहमति दी। श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव कार्यक्रम के अन्त में सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर आरती का गायन एवं प्रसाद वितरण हुआ और उपस्थितों का आभार चित्रांश पवन श्रीवास्तव सचिव ने किया।

# मेहनत को परिणाम में और परिणाम को शत प्रतिशत में बदलना शिक्षक से सीखें

**मड़वा हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्राथमिक शिक्षिका शहनाज खातून ने कक्षा 12वीं में भौतिकी का कराया अध्यापन कार्य**

**निरंतर अभ्यास व लगन से मिलती है सफलता**

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम पर शिक्षा विभाग द्वारा 29 अप्रैल को मन्थन हुआ उसमें जो अमृत कलश प्राप्त हुआ उसकी छोटी सी कहानी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा की है। सीधी विकासखंड का मड़वा विद्यालय जिला मुख्यालय से 12 कि.मी. दूर है। यह विद्यालय भौतिक विषय के शिक्षक की कमी से परेशान था, वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा विचार किया गया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों में जो शिक्षक संबंधित विषय में योग्यता रखते हैं उनसे सहयोग लिया जाए। विद्यालय की



प्राथमिक शिक्षिका शहनाज खातून ने भौतिकी विषय पढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।

शहनाज खातून गणित विषय से एम.एस.सी. है और वरिष्ठ शिक्षकों के कहने एवं मार्गदर्शन में कक्षा 12 वीं की भौतिकी विषय का अध्यापन कार्य प्रारंभ किया। प्राथमिक शिक्षिका शहनाज खातून ने समय चक्र के अनुसार एवं अतिरिक्त कक्षा लेकर मेहनत किया जिसमें बच्चों का भी अच्छा सहयोग मिला। परिणाम यह रहा कि कई वर्ष बाद भौतिकी विषय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और मड़वा हायर सेकेण्डरी का कक्षा 12वीं का विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्राथमिक शिक्षिका शहनाज खातून बताती हैं कि पहले उन्हें कक्षा 12वीं पढ़ाने में हिच किचाहट हुई। उन्हें लगा कि वह प्राथमिक शिक्षक हैं और उनकी अभी नई नियुक्ति है। वह कैसे इन बड़ी कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ा पाएंगी। उनका मुख्य विषय भी गणित है लेकिन उन्होंने विद्यालय प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों के मार्ग दर्शन में भौतिकी विषय का गहन अध्ययन किया और अध्यापन कार्य में जुट गई। कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अतिरिक्त कक्षायें भी लेकर अध्यापन कार्य में जुटी रही। उन्होंने बताया कि आज वह बहुत खुश हैं। उनके छोटे से प्रयास के कारण भौतिकी विषय के सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हो गये और विज्ञान संकाय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। उन्होंने भौतिकी विषय के अध्यापन का अवसर देने पर विद्यालय परिवार का आभार भी व्यक्त किया है।

## विश्व नर्स डे पर हिंडालको महान की नर्से हुई सम्मानित

**सिंगरौली।** विश्व नर्स डे के अवसर हिंडालको महान के हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सो के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिंडालको महान के यूनिट हेड एस. सेन्थिलनाथ,मानव संसाधन प्रमुख ड़ॉ. विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार,पावर प्लांट हेड चंद्र शेखर सिंह ,वित्त प्रमुख सुशान्त नायक,कास्ट हाउस प्रमुख संजय चतुर्वेदी व मुख्य चिकित्सा सेवा अधिकारी आशेष अनुनय शरण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में यूनिट हेड एस. सेन्थिलनाथ ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की,कार्यक्रम में हिंडालको महान हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी आशेष अनुनय शरण व डॉक्टर दीप्ति शरण ने नर्सो की हॉस्पिटल में भूमिका व महत्ता पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम में एस. सेन्थिलनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके समर्पण और सेवा को सम्मानित करता है,डॉक्टर के बाद दूसरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी नर्स की होती है।

# सीएमराइज विद्यालय में समर कैम्प का समापन

**सीधी।** शासकीय सीएमराइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में 1 मई से चल रहे समर कैंप का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्र,विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा, एपीसी डॉ सुजीत मिश्र, अभिभावक गण एवं समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। प्राचार्य सुभाषचंद पटेल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में विद्यार्थियों के हुनर को तराशने के लिए अपने सीएम राइज विद्यालय में समर कैंप के जरिए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। 13 दिवसीय कैंप में बच्चों को आर्ट, क्राफ्ट, ड्राइंग, पेंटिंग, नृत्य, अंग्रेजी बोलना, खेल-कूद, फायरलेस कुकिंग, वेस्ट से बेस्ट के लिए तैयार किया जा रहा है। कैंप में वह अपनी रुचि के अनुसार कला का विकास किये। विद्यालय में आयोजित किए गए समर कैंप में बच्चे मनोरंजन के साथ प्रतिदिन सुबह अपनी कला को निखारने



पहुंच रहे थे।यहां बड़ी संख्या में छात्राएं अपनी रुचि अनुसार विभिन्न गतिविधियां सीख रही थी। प्राचार्य ने बताया कि समर कैंप में छात्राएं उत्साह से विविध खेल, चित्रकारी, गीत-संगीत सहित अन्य कई चीजें सीख छात्रों ने समर कैंप में अपनी कला को काफी निखारा है। कैंप में विद्यार्थियों को पेपर फ्लावर, फ्लावर बास्केट, फ्लावर आदि बनाना सिखाया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के चिड़िया के घोंसले बनाना सिखाया है। इसके अलावा खेलों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पिकल बाल, कैरम, चेस, बाक्सिंग आदि में भी उत्साह से भाग ले रहे हैं।

व्यायाम और जुबा डांस से शुरुआत हुई। इसके बाद पेंटिंग व आर्ट की विधा में छोटे बच्चों द्वारा सुंदर चित्र बनाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को जूट की रस्सी बनाना सिखाया गया। छात्रों में समर कैंप के दौरान अतिरिक्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राकेश शुक्ला,आरती पाण्डेय,रामसुशील यादव, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, फणीन्द्र शेखर पांडेय, प्रदीप पांडेय, हीरालाल शुक्ला, रणमत सिंह, आयुष मिश्रा, अनूप मिश्र, शिवाली चतुर्वेदी, शक्ति श्रीवास्तव, पंक्जेश्वर पांडेय एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू के द्वारा किया गया।

# गीतांजलि जन कल्याण समिति द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षा के छात्रों का मार्गदर्शन

**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध लीड नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी द्वारा ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम एमएसडब्ल्यू,बीएसडब्ल्यू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतुलखी, विकास खण्ड सिहावल के परिसर में समाजकार्य परास्नातक पाठ्यक्रम के एमएसडब्ल्यू द्वितीय (अंतिम) बर्ष के छात्रों के विदाई समारोह में आदरणीय श्री रविशंकर मिश्रा जी का मार्गदर्शन एवं सभी छात्र छात्राओं के अनुभव कथन प्राप्त हुआ उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी के अध्यक्ष श्रद्धेय रविशंकर मिश्रा जी ने की, इस अवसर पर सभी परामर्शदाता एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे, कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन के बाद प्राय: सभी छात्र छात्राओं ने अपने सुखद




अनुभवों को साझा किया साथ ही जन अभियान परिषद के माध्यम से जिला समन्वयक एवं ब्लाक समन्वयक जी के सानिद्ध में मिले दिव्य मार्गदर्शन को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के महती संकल्प को दोहराया, छात्रों एवं परामर्श दाताओं ने शानदार तरीके से अपनी भावनात्मक अभिब्यक्ति दी अंत में श्रद्धेय मिश्रा सर ने अपने ओजस्वी एवं ऊर्जावान उद्बोधन से सबका मार्गदर्शन करते हुए, सतत समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के प्रेरणा को जीवंत बनाये रखने का आह्वान किए

साथ ही सिहावल विकास खंड सेक्टर क्रमांक 05 कुबरी के ग्राम पुजौही में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पुजौही द्वारा नि:शुल्क प्याऊ का संचालन और ग्राम पंचायत तेंदुहा के ग्राम तेंदुहा क्रमांक 01 में एस के कंप्यूटर के पास संदीप नामदेव जी के देख रेख में नि:शुल्क प्याऊ का संचालन नवांकुर संस्था द्वारा किया गया जिसमे मुख्य अतिथि परामर्श डाटा गोविंद गौतम जी और रविशंकर मिश्र द्वारा रहगीरो को पानी पिला कर शुभारंभ किया गया जो पूरी गर्मी में संचालित रहेगा जिससे राहगीरो को पानी मिलता रहे। जिसमे ग्राम पुजौही प्रस्फुटन समिति से देवी प्रसाद गौतम,दिवाकर गौतम ,कविता गौतम,विभा,प्रभा,परामर्श दाता संदीप नामदेव मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राएं और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का हुआ समापन

सीधी। सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन प्रस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लोक गीत, नृत्य,अभिनय,योग, मार्शल आर्ट,आवाज़ एवं संभाषण,पारंपरिक खेल के साथ-साथ प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम भी कराया गया। कार्यशाला के पन्द्रह दिवस पूर्ण होने पर 15 मई 2024 को भव्य समापन समारोह रखा,कार्यक्रम का आरंभ गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ । मंचासीन अतिथियों को गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी के वरिष्ठ साहित्यकार बघेली भाषा के विद्वान एवं बघेली बोली के कवि शिवशंकर मिश्र सरस रहे । प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल और इंद्रवती नाट्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। लोकगीत प्रजीत साकेत,लोकनृत्य रजनीश जायसवाल, आधुनिक शैली नृत्य आर्या सिंह बघेल व शारीरिक व्यायाम का प्रशिक्षण प्रकाश प्रजापति द्वारा दिया गया तथा अभिनय और आवाज़ एवं संभाषण का प्रशिक्षण रोशनी प्रसाद मिश्र ने दिया कार्यशाला संयोजक आर्या सिंह व कार्यशाला निदेशक रोशनी प्रसाद मिश्र रहे।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा(दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांक डिप्टी. सी.ई.-सी.-सीधी-02-2024 दिनांकः 10.05.2024

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-02-2024, दिनांक-10.05.2024 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख 04.06.2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदा क्र.: डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-02-2024 दिनांक-10.05.2024, कार्य का नाम लोकेशन सहितः उप मुख्य अभियंता (निर्माण), सीधी, पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकर क्षेत्र में सीधी सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में सीधी से गोंदवाली तक (ईपीसी अनुबंधों को छोड़कर) विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी(पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए निविदा।, निविदा का अनुमानित मूल्यः रु. 49146984.00, निविदा फार्म की (कीमत रुपये): रु.0.00, बयाना राशि(रुपये में): रु. 395700.00, कार्य समापन अवधि(माह): 24 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक-04.06.2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https:// www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप मुख्य अभियंता(निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा(दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांक डिप्टी. सी.ई.-सी.-सीधी-01-2024 दिनांकः 06.05.2024

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-01-2024, दिनांक- 06.05.2024 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख 29.05.2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र.:** डिप्टी सी.ई.-सी. -सीधी-01-2024 दिनांक-06.05.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सीधी-गजराही खंड में सब स्ट्रक्चर, सुपर स्ट्रक्चर, आरई दीवार निर्माण, सड़क कार्य और अन्य विविध कार्यो। सहित 2 नग रोड ओवर ब्रिज (आरओबी-कम्पोजिट गर्डर) और 4 नग रोड ओवर ब्रिज (आरओबी-आरसीसी बॉक्स) का निर्माण सीधी-सिंगरौली नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में (किमी 90.000 से 100.000)।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रु. 707048798.77, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** रु.0.00, **बयाना राशि(रुपये में):** रु. 3685300.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 18 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक-29.05.2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https:// www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप मुख्य अभियंता(निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संपादकीय

# घरेलू खर्च चलाना हुआ मुश्किल

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है। हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है।

**भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है।**

# प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

**(ललित गर्ग)**

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है।

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका



भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं।

भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है।

दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं। यूनान ने भारत से संपर्क किया है कि वह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 10,000 कामगारों को उसके यहां भेजे।

विदेशों से धन भेजने के आकंड़े का बढ़ना दर्शाता है कि प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के बीच कितना मजबूत, आत्मीय व स्थायी संबंध है। लेकिन इसके साथ ही भारत सरकार का दायित्व बनता है कि इस उपलब्धि की खुशी मनाते वक्त प्रवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को भी पहचाना जाए और उनका समाधान किया जाये। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि प्रवासी कामगारों को वित्तीय शोषण, प्रवासन लागत के कारण बढ़ते ऋण दबाव, नस्लीय भेदभाव व कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिनके निराकरण के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत अपने प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये संबंधित देशों से रणनीतिक तरीकों से रास्ता निकालना चाहिए। निस्संदेह, भारत सरकार को प्रवासी कामगारों की समस्याओं के समाधान के लिये हमारे दूतावासों के जरिये विशेष कदम उठाने चाहिए। दरअसल, खाड़ी सहयोग परिषद के राज्यों में जहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, उनके अधिकारों का उल्लंघन जारी है। खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कामगारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष तौर पर अर्द्ध-कुशल श्रमिकों और अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कई तरह के संकटों को बढ़ा दिया था। बड़ी संख्या में उनकी नौकरियां खत्म हुई, वेतन नहीं मिला। सामाजिक सुरक्षा के अभाव में कई लोगों को कर्ज में डूबना पड़ा। जिसके चलते बड़ी संख्या में ये कामगार स्वदेश लौटे। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की तरफ भारतीय छात्रों के बढ़ते रुझान की ओर भी आईओएम की अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट इशारा कर रही हैं। बहरहाल, प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिये ठोस प्रयासों की जरूरत है। किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने की जरूरत है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय कामगारों के लिये सुरक्षित व व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके।

# उत्तराखंड के जलते जंगल और कृत्रिम बारिश की आस

**मगर जाड़ों में मौसमी बदलाव से वनाग्नि का चक्र फिर से शुरू हो जाएगा, जिसकी तस्दीक सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड के उप-महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी के इस उद्धरण से भी होती है कि नवंबर, 2023 से अब तक तक 398 बार जंगल सुलगे हैं। इसी सुनवाई के दौरान में यह भी बताया गया कि राज्य सरकार क्लाउड सीडिंग, यानी कृत्रिम बारिश से वनाग्नि को काबू करने का विचार कर रही है, जिस पर अदालत ने कहा कि जंगल की आग बुझाने के लिए केवल कृत्रिम बारिश या बरसात पर भरोसा न किया जाए। यह बिल्कुल सही सीख थी कि हम बरसात के इंतजार में ही नहीं बैठे रह सकते हैं। वनाग्नि को रोकने के उपाय जल्द ही करने होंगे।**



**(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता)**

उत्तराखंड के जंगलों के सुलगने का सिलसिला जारी है। दावानल इतना भयावह है कि सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। अब आग मुख्य राजमार्गों व सहायक मार्गों, खेतों, आवासों और गांवों को जोड़ने वाले पैदल मार्गों तक आ-जा रही है। पिछले पांच वर्षों में सबसे सूखा गुजरा अप्रैल माह ही था। फिर, चारधाम यात्रा भी शुरू हो गई है, जिसमें अभी ही 15 लाख से ज्यादा यात्रियों का पंजीकरण हो चुका है। पारंपरिक ग्रीष्मकालीन फायर सीजन अभी 40-50 दिन और चलेगा, जिसके बाद ही मानसून राज्य में पहुंचेगा। मगर जाड़ों में मौसमी बदलाव से वनाग्नि का चक्र फिर से शुरू हो जाएगा, जिसकी तस्दीक सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड के उप-महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी के इस उद्धरण से भी होती है कि नवंबर, 2023 से अब तक तक 398 बार जंगल सुलगे हैं। इसी सुनवाई के दौरान में यह भी बताया गया कि राज्य सरकार क्लाउड सीडिंग, यानी कृत्रिम बारिश से वनाग्नि को काबू करने का विचार कर रही है, जिस पर अदालत ने कहा कि जंगल की आग बुझाने के लिए केवल कृत्रिम बारिश या बरसात पर भरोसा न किया जाए। यह बिल्कुल सही सीख थी कि हम बरसात के इंतजार में ही नहीं बैठे रह सकते हैं। वनाग्नि को रोकने के उपाय जल्द ही करने होंगे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया था कि उत्तराखंड की भयावह वनाग्नि की स्थिति पर वह तत्काल सुनवाई करे। 8 मई को उसी सुनवाई के दौरान कृत्रिम बारिश पर टिप्पणी आई, जिस पर राज्य सरकार को गंभीरता से अमल करना चाहिए। बताया जाता है कि जंगल में आग लगाने के अपराध में 350 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें 62 आरोपियों को नामजद किया गया है, किंतु 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में जब याचिका सुनी जा रही थी, उस दिन भी उत्तराखंड में आग लगने की 15 बड़ी घटनाएं घटीं! इस दावानल से वन्य जीव अभयारण्य, संरक्षित दुर्लभ वानस्पतिक प्रजातियां, ग्लेशियर आदि सभी संकट में हैं। धुएं के कारण यहां दृश्यता कम हो गई है, जिसके कारण हवाई सेवाएं भी स्थगित की जा रही हैं। होटल की बुकिंग भी रद्द की जा रही हैं, यानी राज्य को पर्यावरणीय ही नहीं, आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि क्लाउड सीडिंग से बारिश ही नहीं कराई जाती, हिमपात भी कराया जा सकता है। विश्व में पहली बार 1946 में न्यूयॉर्क में कृत्रिम बारिश कराई गई थी। इसका जनक भी एक अमेरिकी रसायन वैज्ञानिक और मौसम वैज्ञानिक था। आज कई देश इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें चीन सबसे आगे है। ऑस्ट्रेलिया में भी इसका खासा उपयोग किया जाता है। इससे संघर्ष-काल में शत्रु क्षेत्रों में बाढ़ और सूखे की स्थितियां पैदा की जा सकती हैं। अपने देश में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्यों में इसका उपयोग हुआ है। जलाशयों में पानी की कमी होने पर, जल भंडारण की संभावनाओं को बढ़ाने, स्मॉग-वायु प्रदूषण से निपटने और लैंडफिल्स की आग को रोकने के लिए इसके इस्तेमाल पर विचार होता रहा है। 2009 में तानसा झील में पानी की कमी से निपटने के लिए महाराष्ट्र ने इसी तकनीक का उपयोग किया था। माना जाता है कि क्लाउड सीडिंग का खर्च अब करीब एक लाख रुपये प्रति वर्ग किलोमीटर तक आ सकता है। आईआईटी, कानपुर के वैज्ञानिकों की इस पर विशेषज्ञता हासिल है।

जंगलों की आग अक्सर जन-सतर्कता और बरसात से ही रोकी जाती रही है। मगर दिक्कत यह है कि सरकारी अकर्मण्यता, पौधारोपण में अनियमितताएं, भ्रष्टाचार, आपराधिक तत्वों की जंगलों में उपस्थिति आदि कमियों को दूर करने की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण दावानल की भयावहता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले राजीव दत्त यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड सरकार को वनाग्नि पर दिशा-निर्देश देने की मांग करने वाली कई याचिकाएं वर्षों से शीर्ष अदालत में लंबित हैं। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी था कि वह सारी याचिकाओं को सुनेगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। अब नई तारीख 15 मई है, जिस दिन शीर्ष अदालत इस मामले को सुनेगी। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## वर्ग पहेली 5371

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | |
| ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | 22 | |
| 23 ■ | | ■ | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. मजदूर दिवस इस महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
3. पुराणानुसार एक प्रकार का सत्त जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
6. नहाने की क्रिया, स्नान (3)
8. भय, खौफ, भीत (2)
9. पिता, पैदा करने वाला (3)
10. श्राद्धपक्ष, पितृपक्ष (4)
12. गुलामी, दास का कार्य (3)
13. वाक्य, का अपभ्रंश, शब्द, वाणी (2)
14. एक देवर्षि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए (3)
15. सामने, उपस्थित, गोचर (3)
17. तल रहित, बिना पेंदे का (3)
19. शास्त्रीय संगीत में ताल का एक प्रकार (4)
21. साधारण, सामान्य (3)
23. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया पदार्थ, टेलीग्राम (2)
24. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. केवल, निरा, मात्रा, सिर्फ (3)
2. विश्वनीय, सच्चा (5)
3. नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी जिसे नेपाल में नारायणी और सत्पगंडकी कहा जाता है (3)
4. पकड़ना, थामना (3)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
7. अभिप्राय, मतलब (4)
11. झरोखा, खिड़की (3)
14. कोमलता, नरमी (4)
15. पदार्थ का मूल तत्वा, सच्चाई, यथार्थता (2)
16. अधिक मास, पुरूषोत्तम मास (4)
17. पब्लिक, जनता (3)
18. बोझा ढोकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
20. भित्र का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5370 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्या | मा | प्र | सा | द | मु | ख | जी |
| मा | ल | वा | ■ | स्त | ■ | ता | ■ |
| व | ■ | स | र | क | ना | ■ | प |
| र | वि | ■ | ह | ■ | र | स | द |
| ण | ■ | इ | म | दा | द | ■ | क |
| शु | भा | ■ | ■ | स | पु | त्र | ■ |
| वल | ब | ■ | हु | ■ | रा | य | ता |
| ■ | रा | ह | त | ■ | ण | ■ | ज |

# आईपीएल 2024- दिनेश कार्तिक के नाम दर्ज हुआ अनचाहा शर्मनाक रिकॉर्ड

**(विनोद पाठक)**

दिनेश कार्तिक का जन्म तेलुगु बोलने वाले परिवार में 1 जून 1985 को चेन्नई में हुआ। उनके पिता भी क्रिकेटर रह चुके हैं और फर्स्ट क्लास खेले हैं। क्रिकेट की शुरुआती कोचिंग दिनेश को पिता ने ही दी। वर्ष 1999 में दिनेश ने तमिलनाडु की अंडर-14 टीम में खेलना शुरू किया और वर्ष 2000-2001 के सीजन में उन्हें अंडर-19 टीम में ले लिया गया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक अनचाहा शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। दिनेश कार्तिक आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक 18 बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। भले दिनेश कार्तिक के नाम यह अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ हो, लेकिन जितना संघर्ष दिनेश कार्तिक ने निजी जीवन और क्रिकेट करियर में किया, वो शायद ही किसी अन्य क्रिकेटर ने किया होगा या करेगा। दिनेश कार्तिक ने बेहद विषम परिस्थितियों के बावजूद क्रिकेट में जो मुकाम हासिल किया, वो वाकई काबिले तारीफ है।

दिनेश न केवल अच्छे विकेटकीपर साबित हो रहे थे, बल्कि उनकी फिटनेस भी अव्वल दर्जे की थी। जल्द ही उन्हें टीम इंडिया में खेलने का मौका मिल गया। 5 सितंबर 2004 को प्रसिद्ध लॉर्ड्स मैदान में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने देश के लिए पहला वनडे मैच खेला। खास बात यह है कि टीम इंडिया में दिनेश कार्तिक की एंट्री महेंद्र सिंह धोनी से पहले हुई। धोनी ने अपना पहला इंटरनेशनल वनडे मैच दिसंबर 2004 में खेला था।

हालांकि, दिनेश कार्तिक को टीम इंडिया में खेलने का बहुत अधिक मौका नहीं मिला। 20 साल के इंटरनेशनल करियर में वो कई बार टीम के अंदर और बाहर हुए। दो दशक में उन्हें 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 मैच ही देश के लिए खेलने का मौका मिला। टेस्ट में उनके 1025 रन, जिसमें एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं। वनडे में उन्होंने कोई शतक नहीं लगाया, केवल 9 अर्द्धशतक के साथ 1752 रन बनाए हैं, जबकि टी-20 में एक अर्द्धशतक के साथ 686 रन बनाए हैं। उन्हें टीम में अधिक मौके न मिलने का बड़ा कारण यह भी रहा कि इस दौर में धोनी न केवल टीम इंडिया के विकेटकीपर थे, बल्कि कप्तान भी थे। हालांकि, आईपीएल में दिनेश कार्तिक ने विराट कोहली से अधिक मैच खेले हैं। 255 आईपीएल मैच खेलकर वो तीसरे नंबर पर हैं, जबकि 263 मैच के साथ धोनी पहले और 256 मैच के साथ रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। विराट ने 250 आईपीएल मैच खेले हैं। आईपीएल में दिनेश कार्तिक कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान भी रहे हैं। जल्द 39 साल के होने जा रहे कार्तिक भारत के फिट खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्हें अच्छा मैच फिनिशर माना जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आज आपका भाग्?य साथ देगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन में प्रसन्?न?ता रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आज संतान पक्ष की तरफ से आप संतुष्ट रहेंगे और आपका दिन खुशी में बीतेगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य बन सकता है।

### वृषभ

आज का दिन सुख और शांति का है। आज आपके प्रयास सफल होंगे और दिन आनंद में बीतेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उनको शानदार सफलता प्राप्?त होगी। आज आपको किसी सरकारी विभाग से सहयोग मिल सकता है। आपको नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज का दिन सावधानी से बिताने का है। आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है। ऐसे में बहुत सावधानी से काम करें। आज संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में अशातीत सफलता मिलने के योग हैं। आज आपको कोई खुशी का समाचार मिलने से हर्ष होगा।

### कर्क

आज का दिन शुभ है और आज आपको उत्?तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आज आपके आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और मान प्रतिष्?ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और आपके लिए कोई सुखद समाचार मिलने के योग हैं।

### सिंह

आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं और आज भाग्?य आपका साथ देगा। आपके लिए आज आमदनी के नए योग बनेंगे और आपको विशेष लाभ होगा। आपको वाणी की सौम्यता से सम्मान मिलेगा और आपका भाग्य साथ देगा।

### कन्या

आज किस्मत का साथ मिलेगा और रोजगार प्राप्ति में सफलता प्राप्?त होगी। आपको ऑफिस के काम में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में आपकी जीत होने की संभावना है।

### तुला

आज आपके चारों ओर घर में काफी खुशी का माहौल रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की समस्?या का अंत होगा और आपको बड़ा लाभ होगा। आज आपको पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपके संबंध दूसरों के साथ बहुत मजबूत होंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन परेशानियों और आर्थिक समस्?याओं वाला हो सकता है और आज आपको कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आपको आज किसी अच्?छे डॉक्?टर से सलाह लेनी चाहिए। आज आपका दिन इन सब कार्य में खर्च हो सकता है।

### धनु

आज आपके विरोधी भी आपके खिलाफ कुछ नहीं कर पाएंगे। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। आपको शाम से लेकर रात तक किसी शुभ कार्य में भाग लेने के लिए यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

### मकर

आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आपके लिए आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और भाग्?य साथ देगा। आपको अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्?त होगा। शाम के वक्?त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय व्यक्तियों के आने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### कुंभ

आज आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति की आशंका है। इसलिए जोश से काम न लें, जो भी काम करें उसमें होश रखें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और किसी प्रकार के झगड़े विवाद से बचें।

### मीन

आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और कारोबार में लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन की परेशानियों का अंत होगा। आज परिवार में किसी से पैसों का लेनदेन न करें। संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल और सोनिया ने पलटा दशकों पुराना अलबम, राजीव-इंदिरा के बहाने भावुक रिश्तों का जिक्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपनी मां सोनिया गांधी के साथ अपना एक वीडियो जारी कर रायबरेली एवं अमेठी से अपने परिवार की पुरानी यादों का उल्लेख किया और कहा कि इन दोनों संसदीय क्षेत्रों की जनता ने उनके परिवार को सब कुछ दिया है और लोग जब भी पुकारेंगे, वह वहां जाएंगे। सोनिया गांधी और राहुल गांधी छह मिनट 12 सेकेंड की अवधि वाले इस वीडियो में रायबरेली और अमेठी से जुड़ी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की तस्वीरें वाले अलबम को पलटते और दोनों क्षेत्रों से पुराने रिश्तों के बारे में बात करते देखे जा सकते हैं। राहुल गांधी ने यह वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''रायबरेली और अमेठी हमारे लिए सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई।'' उन्होंने कहा, ''प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है। अमेठी और रायबरेली जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे।'' उनका कहना है कि वह रायबरेली में इंदिरा गांधी एवं सोनिया गांधी के कार्यों को आगे ले जाएंगे। सोनिया गांधी इस वीडियो में रायबरेली और अमेठी के अपने कई दौरों और कार्यों का उल्लेख करते हुए कहती हैं कि इन दोनों क्षेत्रों के लोगों के साथ उनका रिश्ता बेटी-बहू वाला रहा है। राहुल गांधी पहली बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह 2004 से 2019 तक अमेठी से लोकसभा सदस्य रहे। वर्तमान में वह केरल के वायनाड से सांसद हैं।अमेठी और रायबरेली में 20 मई को मतदान होना है।

### विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन- भारत ने पहली बार नीदरलैंड में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने पहली बार 13 से 15 मई, 2024 तक रॉटरडैम, नीदरलैंड में आयोजित होने वाले विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2024 में अपना स्वयं का मंडप स्थापित किया है। भारत मंडप, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार, द्वारा स्थापित किया गया है, और शिखर सम्मेलन के सबसे बड़े मंडपों में से एक है। इसका उद्घाटन 12 मई, 2024 को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव, भूपिंदर एस.भल्ला ने किया। वैश्विक हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र में विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। दुनिया भर से लगभग 15,000 प्रतिनिधियों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। भारत मंडप, सम्मेलन में भारत के हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में की गई प्रगति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, रेल मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और निजी क्षेत्र की कंपनियों के मनोनीत व्यक्ति शामिल हैं। विभिन्न जी2जी मेल-जोल के अलावा, शिखर सम्मेलन भारतीय उद्योग को दुनिया भर की कंपनियों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता है। भारत ने जनवरी 2023 में 19,744 करोड़ रुपये के समग्र परिव्यय के साथ अपना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया। भारत ने वर्ष 2030 के अंत तक 5 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 412,000 टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण क्षमता की स्थापना के लिए निविदाएं प्रदान की हैं।

### मुंबई में सोलर इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नौका और ईंधन-सेल इलेक्ट्रिक नाव का उद्घाटन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) 14 मई, 2024 को अपना 250वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए मुंबई में विशेष कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने की। इन गतिविधियों में मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) से अधिग्रहित निकटवर्ती भूमि का पूजन; लघु आकार की पनडुब्बी प्रोटोटाइप का शुभारंभ, सोलर इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नाव तथा ईंधन-सेल इलेक्ट्रिक नौका की कमीशनिंग; मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का स्मारक सिक्का जारी करना और एक दिवसीय तकनीकी सेमिनार का आयोजन शामिल था। रक्षा सचिव ने अपने संबोधन में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को भारत का एक अनमोल रत्न बताया, जिसने नौसेना के साथ-साथ अन्य वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए विभिन्न क्षमताओं को विकसित करके देश की अर्थव्यवस्था एवं सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने देश के सबसे बड़े शिपयार्ड होने, भारतीय नौसेना की अधिकांश संपत्तियों के निर्माण के माध्यम से अपना योगदान देने, एक बड़े निर्यात बाजार और विदेशी व्यवसायियों के साथ सहयोग के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड की सराहना की। गिरिधर अरमाने ने जोर देकर कहा कि भारत की हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके द्वारा देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र को शामिल करके तथा उन्हें प्रेरित करके भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# बीजापुर एनकाउंटर पर सवाल, कांग्रेस ने जांच के लिए बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी, मारे गए थे 12 नक्सली

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 10 मई को 12 संदिग्ध नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि घटना के दो दिन बाद ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुठभेड़ फर्जी थी। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ की जांच के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन भी कर दिया है। इस टीम का नेतृत्व आदिवासी नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम कर रहे हैं। मंगलवार को गठित की गई इस कमेटी में इंद्र शाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनक राम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम शामिल हैं।



**इनामी नक्सलियों के मारे जाने का दावा :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्र जारी कर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों से जल्द से जल्द विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने की अपील की है। बीते शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद कहा था कि उन्होंने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की सैन्य कंपनी नंबर 2 के दो सदस्यों, बुधु ओयम और कल्लू पुनेम समेत कुल 12 नक्सलियों को एक एनकाउंटर में मार गिराया है। बुधु ओयम और कल्लू पुनेम के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

**किन पर कितना ईनाम :** मुठभेड़ में मारे गए अन्य संदिग्धों में नक्सलियों की गंगालूर एरिया कमेटी का सदस्य लाखे कुंजाम और सैन्य प्लाटून नंबर 12 का सदस्य भीमा कराम भी शामिल था। इनके सिर पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। अन्य मृतकों में मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू लाकोम और जनता सरकार (पीपुल्स गवर्नमेंट) के उप-प्रमुख अवलम थे जिनके सिर पर 2 लाख रुपये का इनाम था।

**कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने उठाए सवाल :** एनकाउंटर के दो दिन बाद 12 मई को मृतकों के शवों के लिए स्थानीय ग्रामीण बीजापुर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि मुठभेड़ फर्जी थी। इसमें क्षेत्र के निवासी सुरक्षा बलों की गोलीबारी का शिकार हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ते तोड़ने गए थे। ये लोग भागने लगे तभी सुरक्षा बल उनकी ओर बढ़े और फायरिंग कर दी। कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने भी एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार से इसकी जांच कराने की मांग की।

**जांच बैठाने की मांग :** कवासी लखमा ने कहा- मीडिया से पता चला है कि पीडिया में मारे गए 12 लोग आसपास के गांवों के तेंदू पत्ता संग्राहक थे। यही वजह है कि कांग्रेस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय जांच टीम भेज रही है। यह सीजन तेंदू पत्ता जुटाने का है। आदिवासियों को नक्सली बताना पुलिस की पुरानी आदत है। आदिवासी क्षेत्र की पहचान हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इलाके से आदिवासी खत्म हो जाएंगे। भाजपा सरकार को ऐसी घटनाओं पर रोक लगानी चाहिए और जांच बैठानी चाहिए।

**आदिवासी महासभा के अध्यक्ष भी करेंगे दौरा :** वहीं आदिवासी महासभा के अध्यक्ष और सीपीआई के पूर्व नेता मनीष कुंजाम ने कहा कि वह बुधवार को गांव का दौरा करेंगे क्योंकि इस मुठभेड़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने एक 10 भरमार राइफल बरामद की है जो एक बार फायर कर सकती है। इसे दोबारा लोड करने में कम से कम 30 मिनट लगेंगे। इससे पता चलता है कि कुछ गड़बड़ है। मैं अपनी टीम के साथ गांव का दौरा करूंगा और फिर मीडिया से बात करूंगा।

**क्या बोली भाजपा :** प्रदेश भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को मुठभेड़ों पर बोलने से पहले सोचना चाहिए क्योंकि इससे सुरक्षा बलों के मनोबल पर असर पड़ता है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि टीम को यह भी पता लगाना चाहिए कि कहीं नक्सलियों के डर से तो ग्रामीण एनकाउंटर को फर्जी नहीं बता रहे हैं। वहीं पुलिस उप महानिरीक्षक, (दक्षिण बस्तर) कमलोचयन कश्यप ने कांग्रेस के कदम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने पूर्व में ग्रामीणों के दावों को खारिज कर दिया था।

## अमेठी में गरजे सीएम योगी! कहा- उनका धन्यवाद जिन्होंने राम के विरोध के कारण सपा से विद्रोह किया

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी में सपा और कांग्रेस के लोग नौजवानों के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, हमने टैबलेट दिया है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। योगी ने कहा अमेठी में मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया था। आज आपकी सरकार मेडिकल कॉलेज का, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, जिला कोर्ट का निर्माण कर रही है। पेशेवर गुंडों और अपराधियों का इलाज भी यही सरकार कर रही है। यहां के लोग दो जून भूखे रह सकते हैं लेकिन राम को नहीं भूल सकते। यहां से राम का परिवार का रिश्ता है। आप जिनको पहले चुनते थे वे राम को नकारते थे। उनके खिलाफ टिप्पणी करते थे। हमारे ही वोट से चुनकर आतंकवाद को बढ़ावा देते थे, रामलला पर हमले करने के लिए प्रेरित करते थे। आज एक्सप्रेस वे,हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम मोदी बनवा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एके 203 दुनिया की सबसे अच्छी रायफल भारत बना रहा, वह अमेठी में बन रही है। देश के जवानों के हाथों में जब एके 203 होती है तो पाकिस्तान थर्रा जाता है। सपा और कांग्रेस के लोग कहते हैं उनके पास एटम बम है। एटम बम हमारे पास भी है और फ्रिज में रखने के लिए नहीं है। कांग्रेस सरकार में गरीब भूख से मरता था। मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।



**'राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे' :** जो राम भक्तों पर गोली चलवाते थे, आतंकवादियों को समर्थन देते थे। आज वही राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, अरे अगर उसके पास एटम बम है तो हमारे पास भी तो एटम बम है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के दरियाबाद विधानसभा में जेठौती कुर्मियान में जनसभा में कही। मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में आए थे। उन्होंने कहा कि आपके वोट से सतीश शर्मा और लल्लू सिंह के विजयी होने से प्रदेश में योगी तथा केंद्र में मोदी की सरकार बनी। इसके बाद अयोध्या में 500 वर्षों का इतिहास बदलकर राम मंदिर का निर्माण हुआ जिसकी आज देश से विदेश तक चर्चा हो रही है।

## अगर आप एक बार मुझे मारेंगे, कई बार मार खाने के लिए तैयार रहें : कंगना

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा, मैं लड़ाई-झगड़े नहीं करती, लेकिन अगर आप एक बार मुझे मारेंगे, तो कई बार मार खाने के लिए तैयार रहें। एक्ट्रेस ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पीटीआई वीडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा उनकी जीत उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ होगी। कंगना ने मंडी सीट से अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए लेकिन अगर वह अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं तो उन्हें उसी तरह की भाषा सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए। कंगना ने कहा, मेरे पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए, मैं किसी को भी चुनौती दे सकती हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैंने कितनी लड़ाइयां लड़ी हैं, लेकिन फिर भी हमेशा सबसे पहले मुझे निशाना बनाया जाता है। आगे उन्होंने कहा, मैं लड़ाई-झगड़े करने नहीं जाती हूं, लेकिन अगर कोई मुझ पर हमला करता है, तो मैं उनमें से नहीं हूं जो इसे चुपचाप सह लेती हूं। भाजपा द्वारा कंगना को प्रत्याशी घोषित करने के बाद से ही कंगना और कांग्रेस नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। कंगना ने राहुल गांधी और विक्रमादित्य सिंह को बड़ा पप्पू और छोटा पप्पू करार दिया था और सिंह को एक नंबर का झूठा और पलटू बज्ज (अपना रुख बदलने वाला) कहा था, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस नेताओं की नाराजगी झेली थी।

# 400 से ज्यादा सीटें मिलने पर मथुरा और काशी में भी बनेगा भव्य मंदिर : हिमंत बिस्वा सरमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में लक्ष्मी नगर में चुनावी रैली को संबोधित करते कहा कि लोकसभा चुनाव में जब भाजपा 400 के पार जाएगी तो मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनेगा और काशी में ज्ञानवापी मस्जिद की जगह पर बाबा विश?वनाथ का भव्य मंदिर बनेगा।

उन्होंने कहा कि मुगलों ने जो-जो कारनामा किया था, उसमें से अभी बहुत कुछ साफ करना बाकी है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का अपना वादा पूरा कर दिया है, इसलिए इस बार जीत भी बड़ी होनी चाहिए।

कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस का शासन था तो यह बताया गया था कि कश्मीर भारत में भी है और पाकिस्तान में भी है और उसकी कोई चर्चा संसद में नहीं होती थी कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी भारत का है, लेकिन अभी पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी लोग भारत का झंडा लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। सरमा ने केजरीवाल पर राजनीतिक निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद का विरोध करने वाले अरविंद केजरीवाल अब अपनी पत?नी को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। केजरीवाल स्वयं आलीशान बंगले में रहते हैं। केजरीवाल जो भी बोलते हैं, ठीक उसके उल्टा करते हैं और अब वह मानसिक संतुलन खो चुके हैं और जब तक वह ठीक होंगे तब तक दोबारा जेल जाने का समय हो जाएगा।



उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जेल से अंतरिम जमानत पर निकले हुए दिल्ली के भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री की बातों पर क्यों ध्यान देगी? उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने केजरीवाल कोई एजेंडा नहीं है, क्योंकि जिनको राष्ट्र का विकास करना हो उसे कुछ और चुनौती नहीं दिखाई देती। आज देश के लोगों के अंदर भी यही विश?वास है कि अगर भारत के लिए कुछ भी अच्छा होगा तो वह सिर्फ मोदी सरकार ही कर सकती है।

उन्होंने आगे कहा कि पहले दिल्ली आने पर लालकिला और कुतुबमीनार देखने के लिए बोला जाता था और अब मोहल्ला क्लीनिक देखने के लिए कहा जाता है, लेकिन आज जब मोहल्ला क्लीनिक देखने गया तो आश्चर्य हुआ कि अगर दिल्ली की पहचान मोहल्ला क्लीनिक है तो फिर देश का सम्मान कहां है? असम में हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहा है और दिल्ली में जब भाजपा की सरकार आएगी तो मोहल्ला क्लीनिक की बजाय यहां सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज बनाएंगे। जनसभा के बाद मीडिया से बात करते हुए असम के सीएम ने कहा कि कभी कांग्रेस के साथ हाथ नहीं मिलाने की बात कहने वाले केजरीवाल अब कांग्रेस की गोद मे जाकर बैठ गए हैं और कांग्रेस के साथ इलू-इलू कर रहे हैं। उन्होंने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मार-पीट के लिए केजरीवाल की आलोचना करते हुए राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से स्वतः संज्ञान लेकर दिल्ली के सीएम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सुनीता केजरीवाल को भी यह बताना चाहिए कि स्वाति मालीवाल की पिटाई क्यों की गई ? कांग्रेस नेता नाना पटोले के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी क्रिश्चियन हैं और वह कैसे हिंदू राम मंदिर का शुद्धिकरण कर सकती हैं।

# भाजपा ने हिमाचल के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम शामिल हैं। इस सूची में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, ??राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, हरदीप सिंह पुरी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी जगह दी गई है। कंगना रनौत का नाम भी शामिल इस सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को भी स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है। मंडी से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत, शिमला से उम्मीदवार सुरेश कश्यप और कांगड़ा से उम्मीदवार राजीव भारद्वाज भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।



**प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और जयराम ठाकुर का भी नाम :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार और जयराम ठाकुर भी भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। हाल ही में निर्वाचित राज्यसभा सदस्य और पूर्व कांग्रेस नेता हर्ष महाजन को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा सौदान सिंह, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, वंदना योगी, पवन काजल, मनोज तिवारी, दुष्यन्त कुमार गौतम, मनजिंदर सिंह सिरसा, सिद्धार्थन, तेजस्वी सूर्या, इंदु गोस्वामी, सिकंदर कुमार, श्रीकांत शर्मा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

**कंगना ने भरा पर्चा :** अविनाश राय खन्ना और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष राजीव बिंदल भी पार्टी के स्टार प्रचारक होंगे। वहीं मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि केंद्र में भाजपा की सरकार कायम रहती है तो शिवधाम समेत उनके निर्वाचन क्षेत्र की सभी रुकी परियोजनाएं बहाल कर दी जाएंगी। यही नहीं मंडी तक रेल लाइन के विस्तार की कोशिश की जाएगी।

## मनोज जरांगे ने भरी हुंकार, मराठा आरक्षण आंदोलन फिर से करने का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे ने फिर हुंकार भरी है। उन्होंने मंगलवार को चेतावनी दी कि 4 जून से अभियान एक बार फिर शुरू किया जाएगा। जरांगे ने आंदोलन फिर से शुरू करने के लिए ऐसा दिन चुना है जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिलों में आरक्षण की मराठा समुदाय की मांग को लेकर 8 जून को रैली भी आयोजित की जाएगी। जरांगे ने 17वीं सदी के शासक छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वह पिछले साल से मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं।

जरांगे ने माल्यार्पण के बाद कहा, %हम अपने बच्चों के लिए आरक्षण चाहते हैं। हमें आर्थिक रूप से कमजोर तबके के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है जिसका कोई उपयोग नहीं है। यह वर्तमान पुलिस भर्ती में साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि हम 4 जून को सुबह नौ बजे से अनिश्चितकालीन अनशन के साथ फिर से आंदोलन शुरू करेंगे। यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि सरकार इससे पहले ही उनकी मांगों का समाधान कर देगी। जरांगे ने कहा कि बीड जिले के नारायणगड में 8 जून की रैली के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है।



**लोकसभा चुनाव पर मराठा आरक्षण आंदोलन का क्या प्रभाव:** लोकसभा चुनाव पर मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मेरा इससे लेना-देना नहीं है और न ही मैंने किसी के लिए प्रचार किया। मैंने बस इतना कहा कि लोगों को उन्हें हराना चाहिए जो हमारे विरुद्ध हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में पहले कभी इतनी रैलियां नहीं कीं। जरांगे ने कहा, 'अतीत में उन्होंने विभिन्न चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए प्रचार भी नहीं किया। लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रदेश भाजपा के चार-पांच नेताओं के मन में मराठाओं और अन्य समुदायों के प्रति नफरत है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और चंद्रकांत पाटिल मराठाओं से घृणा करते हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस को अपनी नफरत का परित्याग कर देना चाहिए क्योंकि हम कभी भाजपा के खिलाफ नहीं थे।

# हरिद्वार हरकी पैड़ी पर गंगाजल का संकट, 45 दिन तक श्रद्धालु झेलेंगे दिक्कत, सिंचाई की भी परेशानी

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार हरकी पैड़ी पर जून और जुलाई के दौरान 45 दिनों तक श्रद्धालुओं को गंगा में स्नान के लिए आधा जल मिलेगा। यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 45 दिन तक हरकी पैड़ी पर आधा जल पहुंचेगा। ऐसे में यूपी में भी सिंचाई दि दिक्कत होगी। इस दौरान भागीरथी नदी का आधा जल टिहरी बांध पर रोक दिया जाएगा। भागीरथी नदी का जल रोक जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में आंशिक रूप से 30 फीसदी तक सिंचाई के कार्य प्रभावित होने की संभावना है। टिहरी बांध पर विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भागीरथी नदी की आधी धारा को एक जून से रोक दिया जाएगा। इधर गंगनहर से यूपी की ओर जाने वाला पानी भी कम होने का अनुमान है। गंगनहर में 12 हजार क्यूसेक पानी से घटकर जलस्तर छह हजार क्यूसेक पर आ सकता है। टिहरी बांध पर विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए एक जून से निर्माण कार्य शुरू होंगे। वर्तमान में टिहरी बांध पर 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है।

टिहरी बांध पर बिजली उत्पादन की क्षमता 1000 मेगावाट बढ़ाने की योजना है। इसके लिए टिहरी बांध पर जलाशय का निर्माण किया जाएगा। भागीरथी नदी के जल की धारा को जलाशय पर रोक कर जल का संग्रह किया जाएगा। टिहरी बांध पर नए जलाशय का निर्माण पूरा होने के बाद बांध से 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इससे हरकी पैड़ी पर आधा गंगाजल ही उपलब्ध रहेगा। इस कारण हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं को गंगा स्नान, अस्थि विसर्जन और अन्य कर्म कांड के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेंगी।



तीर्थ पुरोहित और जोतिषाचार्य प्रतीक मिश्रपुरी का कहना है कि हरकी पैड़ी पर स्नान की दिक्कत रहेगी। श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने भी अधिकारियों से जल का प्रवाह बनाए रखने की मांग की है। बांध के निर्माण पर भी रोका था जल टीएचडीसी ने टिहरी बांध का निर्माण वर्ष 2006 में पूरा किया था। बांध की ऊंचाई 261 मीटर और लंबाई 575 मीटर है। तत्कालीन समय में भी बांध पर भागीरथी नदी का जल रोक दिया गया था। हरकी पैड़ी पर जल कम नहीं होने का दावा यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों का दावा है की टिहरी बांध पर कार्य चलने के दौरान हरकी पैड़ी पर पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध रहेगा। हरकी पैड़ी पर जल का स्तर कम नहीं होगा लेकिन अधिकारी आंशिक रूप से पश्चिमी यूपी में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता 30 फीसदी तक कम होने की संभावना जता रहे हैं। एक जून से टिहरी बांध पर विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य शुरू होंगे। 45 दिनों में कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इस दौरान भागीरथी नदी का जल टिहरी बांध पर रोका जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सिंचाई के लिए 30 फीसदी तक जल की उपलब्धता कम होने की संभावना है। यूपी सिंचाई विभाग के ईई विकास त्यागी का कहना है कि 1400 मेगावाट से 2400 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इस दौरान गंगा नहर में छह हजार क्यूसेक जल बना रहेगा।



# लॉर्ड्स में जेम्स एंडरसन के टेस्ट संन्यास के लिए यह सही समय है: रॉब की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रबंध निदेशक रॉब की का मानना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का अपने टेस्ट करियर को खत्म करने का फैसला देश के लिए सही समय पर आया है। पिछले हफ्ते एंडरसन ने घोषणा की थी कि वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाला पहला टेस्ट देश के लिए उनका आखिरी रेड-बॉल मैच होगा। 41 वर्षीय तेज गेंदबाज के रूप में टेस्ट क्रिकेट में 187 मैचों में 700 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज की, मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के साथ चर्चा पैनल का हिस्सा थे, जिसके कारण तेज गेंदबाज को संन्यास लेना पड़ा। रॉब की ने टेस्ट मैच स्पेशल काउंटी क्रिकेट पॉडकास्ट को बताया, हमने कहा, हमें लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है, हमें भविष्य की ओर देखना शुरू करना होगा। की ने कहा कि एंडरसन के साथ चर्चा डेढ़ घंटे तक चली और तेज गेंदबाज को उम्मीद नहीं थी कि इससे उनका लाल गेंद का भविष्य खत्म हो जाएगा। एंडरसन ने कहा कि जब हमने निर्णय लिया और सोचा कि हमें भविष्य पर चर्चा करने के लिए जिमी से मिलने की जरूरत है, तो ब्रेंडन ने निष्कर्ष निकाला कि इंग्लैंड के लिए उड़ान भरना सही काम होगा।

हमने लगभग डेढ़ घंटे तक बातचीत की, जिसका नेतृत्व बाज़ ने किया। मुझे नहीं लगता कि जिमी को इसकी उम्मीद थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह पूरी तरह से अप्रत्याशित था। हमें लगा कि जिमी और जनता के बीच अलविदा कहने का यह सही अवसर था। हमने उस पर यह प्रभाव नहीं डाला कि उसे वहीं निर्णय लेने की जरूरत है, बहुत समय पहले उसने तय नहीं किया था कि लॉर्ड्स का मैच उसका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड के दो दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ों - एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की अनुपस्थिति में, की इसे युवाओं के लिए जगह बनाने का द्वार मानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को नई गेंद से गेंदबाजी करना सीखने, टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर चाहिए।

अब समय आ गया है कि लोग इसे सीखना शुरू करें। वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप 2024 के समापन के बाद, इंग्लैंड तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जिसके मैच क्रमशः लॉर्ड्स, नॉटिंघम और बर्मिंघम में निर्धारित होंगे।





### सचिन तेंदुलकर ने यूं की तारीफ

# इरफान पठान की वाइफ सफा बेग के हाथ का खाना खाकर मास्टर हुए मस्त,


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटरों में इरफान पठान का नाम बेहद शानदार मेजबानों में शामिल है। वह और उनकी फैमिली अच्छे खाने के शौकीन है। अक्सर जब वह क्रिकेट टीम का हिस्सा थे तो महान सचिन तेंदुलकर सहित अपने साथियों को घर पर बुलाया करते थे। वह सचिन के लिए घर की स्पेशल बिरयानी लेकर भी आते थे। यह क्रम आज भी जारी है। पठान ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन को घर पर दावत के लिए इनवाइट किया। इरफान पठान ने तस्वीरें शेयर कीं तो सचिन खाने और सफा बेग की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके। इरफान पठान ने दावत की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- सचिन तेंदुलकर पाजी, कहानियां, हंसी और आपके आसपास रहने की खुशी ने कल रात को खास बना दिया! ऐसी कई और रातों का इंतजार है। तस्वीर में इरफान पठान के पिता के अलावा उनके और युसूफ पठान के बच्चे दिख रहे हैं, जबकि कुछ अन्य सदस्य भी हैं।

सचिन तेंदुलकर ने की इरफान पठान की वाइफ की तारीफ

इस पर महान क्रिकेटर ने रिप्लाई करते हुए लिखा- रोशनी के नीचे क्या रात है... इरफान! उन समयों में से एक जब कोई भी इसे स्टंप्स (खत्म करने) कहने को तैयार नहीं था। इसके बाद सचिन ने इरफान पठान की वाइफ सफा के हाथ के खाने की तारीफ में लिखा- सफा के लजीज व्यंजनों, आपके पिता की मनोरंजक कहानियां और आपके बच्चों की दौड़-भाग के बीच हम सभी ने बहुत अच्छा समय बिताया। हम जल्द ही कुछ समय बाद ऐसे समय को फिर जिएंगे...। उल्लेखनीय है कि सचिन तेंदुलकर और इरफान पठान टीम इंडिया में साथ खेले। फिलहाल इरफान पठान आईपीएल 2024 में स्टार के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं तो दूसरी ओर महान क्रिकेटर मुंबई इंडियंस के लिए मेंटॉर की भूमिका में हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस इस साल सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली टीम रही।

### बॉक्सिंग

# भारत को मुक्केबाजी में बड़ा झटका, शिवा एलोरडा कप से बाहर



**अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरुषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया, 2-1 से सीरीज जीती, बाबर-रिजवान के बीच शतकीय साझेदारी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में आयरलैंड से पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दोनों मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम किया। पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। वहीं 179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं पहला टी-20 मैच आयरलैंड ने जीता था।



### आयरलैंड के लिए लोर्कन टकर ने बनाए सबसे ज्यादा रन

पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका 15 रन के स्कोर पर लगा। उसके ओपनर रॉस अडायर शाहीन अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हो गए। उसके बाद एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान लोर्कन टकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 49 गेंदों पर 85 रन की पार्टनरशिप हुई। बालबर्नी 26 गेंदों पर 35 रन बना कर आउट हो गए। वहीं टकर ने उसके बाद हैरी टेक्टर के साथ 17 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। टकर ने 41 गेंदों पर 73 रन बनाए। जबकि टेक्टर 20 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद अमिर और सईम अयूब को 1-1 विकेट मिले। शाहीन अफरीदी ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए।

### रिजवान और बाबर के बीच 139 रन की साझेदारी

179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। 16 रन पर उसको पहला झटका लगा। सईम अयूब 11 गेंदों पर 14 रन बना कर पवेलियन लौट गए। हालांकि, उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई। रिजवान ने 38 गेंदों पर 56 रन और बाबर आजम 42 गेंदों पर 75 रन बनाए। उसके बाद आजम खान ने 6 गेंदों पर नाबाद 18 रन बना कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई।

### संगल रैंकिंग में टॉप-25 में पहुंचने वालीं बनीं पहली महिला भारतीय

# मनिका बत्रा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद कैरियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी। मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले। उन्होंने कहा कि इससे जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, 'ओलिंपिक खेलों से ठीक पहले कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करके शीर्ष 25 में पहुंचने से मेरी तैयारियों को बल मिलेगा। मैं पेरिस ओलिंपिक में इस प्रदर्शन को बरकरार रखना और रैंकिंग में लगातार ऊपर जाना चाहूंगी। सुधार एक सतत प्रक्रिया है और मैं इसे लेकर प्रतिबद्ध हूं।' इससे पहले मनिका ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपनी सफलता के लिए अपने कोच अमन बालगु और बेलारूस के



ट्रेनिंग जोड़ीदार किरिल बारबानोव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'आपके आशीर्वाद और समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद।

विशेष रूप से निरंतर समर्थन के लिए मेरे कोच अमन बालगु, मेरे साथी किरिल बारबानोव और मेरे परिवार को। पेरिस 2024 की तरफ आगे और ऊपर बढ़ी।'

# भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी अरशद खान, गेंदबाजी में तेज रफ्तार और बल्ले से भी करता है प्रहार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रनों से हराया। ये मैच भले ही लखनऊ सुपर जायंट्स नहीं जीत सकी। लेकिन उनकी टीम के युवा खिलाड़ी अरशद खान फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे। 27 साल के अरशद खान ने इस मैच में एक विस्फोटक पारी खेली, वहीं गेंदबाजी में भी अपना दमखम दिखाया। बता दें ये अरशद खान का दूसरा आईपीएल सीजन है, लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। हालांकि दिल्ली के खिलाफ मिले मौके का वह पूरा फायदा उठाने में कामयाब रहे।

अरशद खान ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहले गेंदबाजी की और 4 ओवर में 45 रन देखकर एक विकेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्हें 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 33 गेंदों पर नाबाद 58 रन की पारी खेल दी। अरशद खान ने इस पारी में 3 चौके और 5 छक्के लगाए। खास बात ये है कि उन्होंने ये रन 175.75 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस मैच में वह अपनी टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बल्लेबाज रहे। ये 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास का छठा सबसे बड़ा स्कोर भी था।



### आईपीएल 2024

# जीत कर भी दिल्ली को राहत नहीं, हार के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए भी प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ पेचिदा कैलकुलेशन के सहारे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लिए मंगलवार को अपने अंतिम लीग मैच में उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने जीत की पहली शर्त पूरी की और अपने कुल अंक 14 तक पहुंचा दिया। हालांकि नेट रनरेट को सुधार पाने की उनकी मंशा पूरी नहीं हो सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 208/4 का मजबूत टोटल खड़ा किया था और नेट रनरेट को निगेटिव से पॉजिटिव में लाने के लिए उसे लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को 79 से आगे नहीं जाने देना था, जो हो नहीं सका। निकोलस पूरन (61 रन) और अर्शद खान (58 रन) की बदौलत लखनऊ ने अपना टोटल 189/9 तक पहुंचा कर दिल्ली की प्लेऑफ की राह आसान नहीं होने दी। अब दिल्ली की प्लेऑफ की राह अन्य टीमों के परिणाम पर टिकेगा। हालांकि बड़ा नुकसान लखनऊ का हुआ जिसके पास अपने अंतिम दो मैच जीतकर 16 अंक तक पहुंचने का चांस था। लेकिन अब दिल्ली की ही तरह वह भी गणित के भारी हिसाब-किताब में उलझ गया।

### पोरेल-स्टब्स ने मचाया शोर

इससे पहले, दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टान स्टब्स ने खूब शोर मचाया। पोरेल ने शुरुआती ओवर्स में 58 रन (33 बॉल, 5 फोर, 4 सिक्स) की विस्फोटक पारी खेली, जबकि डेथ ओवर्स में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट रखने वालों में शामिल स्टब्स ने आखिरी ओवरों में 57* रन (25 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स) की धुआंधार पारी खेलकर टीम के टोटल को 208/4 तक पहुंचाया। पोरेल ने जहां 21 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की वहीं स्टब्स ने 22 गेंद में यह काम किया।

### नो जेक, नो प्रॉब्लम

इस आईपीएल 100 प्लस गेंद खेलने वालों में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट 237 जेक फ्रेजर मैकगर्क का था। टीम को चौके-छक्कों की बरसात के साथ उनसे एक और तूफानी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन जेक के खिलाफ इन स्विंग गेंदों की रणनीति के साथ उतरे अर्शद खान ने दूसरी ही गेंद पर चलता कर दिया। भारी गर्मी के बीच स्टेडियम में पहुचे दर्शक ठंडे पड़ चुके थे। दिल्ली के बैटर्स को भी इससे उबरने में कुछ गेंदों का वक्त लगा। वो इनिंग्स का तीसरा ओवर था, जिसने मैदान पर फिर गर्मी पैदा की। अभिषेक पोरेल ने अर्शद पर 21 रन बटोर डाले। दूसरे छोर से उन्हें शाई होप का साथ मिला और दोनों ने चौके-छक्कों की बारिश करते हुए पावरप्ले में टीम का टोटल एक विकेट पर 73 रन पर पहुंचा दिया।

# आईपीएल 2024 में बन गया नया महारिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का मौजूदा सीजन बल्लेबाजों के नाम रहा है। इस सीजन कई हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इसी साल बना है। वहीं, अब छक्के जड़ने का महारिकॉर्ड भी टूट गया है।

आईपीएल 2024 में अभी तक इतने छक्के लग चुके हैं, जितने अभी तक किसी भी सीजन में देखने को नहीं मिले थे। चौंकाने वाली बात ये है कि इस सीजन में अभी भी 6 लीग मैच बाकी है और फिर प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे। ऐसे में ये आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है।

### आईपीएल 2024 में बना छक्कों का नया महारिकॉर्ड

सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें आमने-सामने थीं। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 20 छक्के जड़े। इसी के साथ आईपीएल 2024 में अभी तक कुल 1125 छक्के लग चुके हैं, जो एक सीजन में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले आईपीएल 2023 में 1124 लग थे। लेकिन इस बार लीग स्टेज में ही ये आंकड़ा पार हो गया है।

वहीं, आईपीएल के 17 सीजन में ये सिर्फ तीसरा ही मौका है जब 1000 से ज्यादा छक्के लगे हैं।

**आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के**

1125 छक्के - 2024
1124 छक्के - 2023
1062 छक्के - 2022
872 छक्के - 2018
784 छक्के - 2019

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में पुनर्गठित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस मौके पर पन्ना नगर सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुगम बनाने सहित दुकानों के सामने अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने और सड़कों की मरम्मत इत्यादि के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। उपस्थित बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों से जरूरी सुझाव भी प्राप्त किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, आरटीओ विक्रमजीत सिंह कंग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बी.के. त्रिपाठी, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, एसोसिएशन के सचिव हरीश सुखेजा भी उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। गत तीन वर्ष में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर चिन्हित 8 ब्लैक स्पॉट पर साइनेज बोर्ड लगवाने, पेड़ों की छंटाई, गति सीमा संकेतक बोर्ड एवं रम्बल स्ट्रिप इत्यादि लगवाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आवश्यक उपायों को लागू करने तथा जनजागरूकता गतिविधियों के लिए निर्देशित किया गया। निरंतर वाहन चेकिंग अभियान संचालित करने सहित अभियान चलाकर आवारा गौवंश की गौशाला में शिफ्टिंग, बैंकों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था ठीक करने, शहर के प्रमुख चौराहों व मुख्य मार्गों पर गति अवरोधक लगवाने सहित बड़ा बाजार में पार्किंग के लिए स्थल चिन्हांकन के निर्देश दिए गए। सीएमओ एवं यातायात प्रभारी द्वारा समन्वय कर बेहतर आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तथा संयुक्त अभियान चलाकर शहर के प्रमुख स्थानों पर यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लापरवाही पाए जाने पर दुकान स्थापना अधिनियम के तहत नोटिस जारी करने के लिए कहा। बैठक में बृजपुर-पहाड़ीखेरा मार्ग पर चलने वाली बसों को बायपास रोड से संचालित करने तथा बसों के लिए विभिन्न स्थानों पर बस प्वाइंट निर्धारण के संबंध में भी चर्चा हुई।

## कृषि योजनाओं के लाभ के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**पन्ना।** शासन के नवीन दिशा निर्देश अनुसार अब कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ कृषक हितग्राहियों को ऑनलाइन पंजीयन के उपरांत ही मिल सकेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ए.पी. सुमन ने बताया कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक एम किसान एप पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। पोर्टल अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर भी पंजीयन कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया उप जेल पवई का निरीक्षण



**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने आज उप जेल पवई का आकस्मिक निरीक्षण कर जेल की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही बंदियों के भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का निरीक्षण कर स्वच्छता व हाइजीन के बारे में सूक्ष्म जानकारी ली। पुरुष एवं महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं सुनी और न्यायालय एवं प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सेवाओं तथा जमानत व रिहाई के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी जेल अधीक्षक को बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, जिला न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवराज सिंह गवली, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते भी उपस्थित रहे। उप जेल अधीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा द्वारा बंदियों को प्रदान की गई जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

## आलोक मार्को को परियोजना अधिकारी का सौंपा अतिरिक्त प्रभार

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को को अपने कार्य के साथ प्रभारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण पन्ना का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा है। इसके पूर्व 19 जनवरी 2023 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पन्ना शशिकपूर गढ़पाले को उक्त प्रभार दिया गया था।

## पन्ना जिले में रिहायशी इलाके में डेरा जमाए बाघिन को टाइगर रिजर्व की टीम ने किया रेस्क्यू

**पन्ना।** लगभग एक माह से जंगलों को छोड़कर बराछ डोभा और इटवांकला के आसपास खेतों में डेरा जमाए पन्ना टाइगर रिजर्व की बाघिन को गुरुवार को पन्ना टाइगर रिजर्व के अमले के द्वारा हाथियों की मदद से रेस्क्यू कर एक बड़े पिंजरे में कैद कर लिया गया है। बताया गया है कि अब इसे टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में छोड़ा जाएगा।

बता दें कि लगभग एक माह से यह बाघिन रात के वक्त जंगल से निकलकर गांव के आसपास खेतों खलिहानों और बाग बगीचों में पहुंच जाती थी। जहां बैल भैंस इत्यादि का शिकार करने के बाद नाले के आसपास ही रहती थी जिससे लोग भयभीत थे। शाम ढलते ही अपने-अपने घरों में कैद हो जाया करते थे। पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को इस बात की जानकारी थी और उनके द्वारा लगातार कई बार पीटीआर की रेस्क्यू टीम और हाथियों के दल के साथ पहुंचकर इस बाघिन को जंगल की ओर खदेड़ चुकी थी। लेकिन बाघिन लगातार जंगल से निकलकर रिहायशी क्षेत्र की ओर पहुंच रही थी।

जिससे आज पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम ने छह हाथियों के साथ मौके पर पहुंचकर ग्राम बराछ के पास बाघिन को घेरकर बेहोशी का इंजेक्शन लगाया गया। इसके बाद बाघिन को एक बड़े पिंजरे में कैद कर लिया गया। टाइगर रिजर्व की टीम अब इसे कोर एरिया में छोड़ेगी। रेस्क्यू के दौरान पन्ना टाइगर रिजर्व के कई अधिकारी कर्मचारी व पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते है झिरिया गांव के रहवासी



**सतना।** जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झिरिया एक ऐसा गांव है, जहां आज भी ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है की जान की परवाह किए बिना ग्रामीण गहरे झरने से पानी भरने को मजबूर हैं। गहराई में उतर कर पानी भरना और दुर्गम खड़ी चढ़ाई में पानी के डब्बे को सर पर लेकर चढ़ना कई बार लोगों के लिए मौत का कारण बन चुका है। झरने की चट्टानों पर फिसलन भी है, जिस वजह से फिसलकर नीचे गिरने और हाथ-पैर टूटने का भी डर बना रहता है। लेकिन ग्रामीण करें तो करें भी क्या? जब उनकी खोज खबर लेने वाला कोई है ही नहीं, गांव के अंदर कहीं भी एक भी हैंड पंप या ट्यूबवेल नहीं है जिससे उनकी पानी की जरूरत पूरी हो सके। ग्रामीण दादूलाल ने बताया की गांव के अंदर एक भी नल, कुआं, ट्यूबवेल नहीं है. जिसके कारण हम सभी ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर यहां पानी भरने आते हैं. नहाने, खाने, पीने के पानी का एक मात्र स्रोत यही झरना है. सर पर डब्बा रख कर हम पानी लेकर ऊपर चढ़ते हैं और फिर 1 किलोमीटर दूर पैदल अपने घर पहुंचते हैं. झरने में ही पीने का पानी लेने और नहाने आई एक आदिवासी महिला ने बताया की यहां खतरा मोल लेकर आने के आलावा और कोई दूसरा चारा नहीं है. कई बार हम यहां गिर जाते हैं और गहरी चोट भी लग जाती है. लेकिन यहां आने के अलावा कर भी क्या सकते हैं.

ग्रामीणों ने बताया की गर्मी के दिनों में जल संकट और ज्यादा गहराता है. जब चुआ यानी झरने से पानी बहुत कम मात्रा में आता है. कई बार तो ऐसी परिस्थितियां आती हैं कि जब पानी आना पूरी तरह बंद हो जाता है, तब 5 किलोमिटर दूर पानी लेने जाना पड़ता है.

### खतरनाक चुआ से होती है जल की व्यवस्था

पत्थरों की लेयर्स से निकलने वाले पानी के इस स्रोत को ग्रामीण चुआ कहते हैं. यही वह जगह है जहां से सभी ग्रामीणों की जल व्यवस्था होती है, लेकिन इस जल स्रोत तक पहुंचना बेहद ही खतरनाक है. खास तौर पर महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के लिए लेकिन यही एक मात्र स्थान है, जहां सभी को नहाने और पीने के पानी के लिए आना होता है.

## सतना में नागौद पुलिस ने नशीली सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया




**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना में नागौद पुलिस ने नशीले सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। टीआई अशोक पांडेय ने बताया कि सोमवार रात को तकरीबन 10 बजे मुखबिर से मिली सूचना पर इंद्रा नगर में पानी की टंकी के पास दबिश देकर आरोपी राजेश पुत्र रामानुज मिश्रा 39 वर्ष, निवासी पुरवा-तरौंहा, जिला चित्रकूट (यूपी) को पकड़ लिया गया। आरोपी की तलाशी लेने पर एक थैले में 4250 रुपए का 25 शीशी नशीला सिरप बरामद हो गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त सिरप अवैध सिरप के लिए लाने का खुलासा किया। लिहाजा एनडीपीएस की धारा 21, 22 और मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के तहत कायमी की गई। आरोपी को मंगलवार सुबह न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में 11 मई बना टाइगर डे, अलग-अलग स्थान पर नौ बाघ मिले



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघ खूब देखने को मिल रहे हैं। 11 मई को टाइगर रिजर्व में खूब बाघ दिखाई दिए। आज का दिन टाइगर रिजर्व का दिन हो गया और पर्यटकों ने बाघ दर्शन कर खुशी का इजहार किया।

बड़ी संख्या में देसी और विदेशी सैलानी पहुंचे। शनिवार सुबह से ही पर्यटकों की लाइन लग गई थी और खूबसूरत जंगल में लोग प्रकृति के बीच कुछ समय बिताए। प्रकृति को नजदीक आकर सीख रहे हैं तो वन्य प्राणियों के दर्शन कर आनंद उठा रहे हैं। सैलानी बोले, क्या टाइगर है।

पन्ना टाइगर रिजर्व सहित पूरे बुंदेलखंड में साल 2009 में बाघ पूरी तरह से खत्म हो गए थे। पेंच टाइगर बाहर से लाकर बसाए गए देश का पहला टाइगर रिजर्व लोकेशन सफल रहा। लेकिन अब यह बाघ खूब अटखेलियां कर रहे हैं।

आज यानी शनिवार को पन्ना में एक दिन में सुबह ही नौ बाघ देखने को मिले हैं। अलग-अलग स्थान में पर्यटकों को बाघ दिखाई दिए, उन्हें देख पर्यटक झूम उठे हैं। जिन्होंने पहली बार टाइगर देखा, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

पन्ना में लगातार भीषण गर्मी के बावजूद पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। टूरिस्टो ने कहा कि यदि पन्ना नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। मुंबई से आई कनाडा में रहकर पढ़ाई कर रही सिया बोलीं कि डर लग रहा था, पर हर सफारी में हमें टाइगर दिखाई दिए हैं, टाइगर देख हम खुश हैं।

# बेमौसम बरसात से हजारों टन गेहूं भीगा, प्रशासन ने नहीं किए थे बचाव के इंतजाम



**पन्ना।** पन्ना जिले के सिमरिया क्षेत्र में ओलाबारी और पानी के साथ तेज हवा चली। जिससे गोदाम के बाहर रखा हजारों क्विंटल गेहूं भीग कर बर्बाद हो गया। प्रशासन के आदेश के बाद भी गेहूं को गोदाम में नहीं रखा गया था।

मध्य प्रदेश सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी किसानों की फसल इन दिनों खुले आसमान के नीचे वेयरहाउसों में रखी हुई हैं। प्रशासन ने निर्देश दिए थे कि गेहूं खरीदी के बाद इन फसलों को सीधे गोदाम में पहुंचाकर सुरक्षित रखा जाए। लेकिन, पन्ना जिले में प्रशासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। जिसका खामियाजा भी उठाना पड़ रहा है।

शुक्रवार को पन्ना जिले के सिमरिया क्षेत्र में ओलाबारी और पानी के साथ तेज हवा चली। जिससे गोदाम के बाहर रखा हजारों क्विंटल गेहूं भीग कर बर्बाद हो गया। प्रशासन ने आदेश दिए थे कि गेहूं तुलाई के बाद सीधे गोदाम में रखा जाए, लेकिन इसे गोदाम में नहीं रखा गया। जिससे बेमौसम बरसात से पूरा गेहूं खराब होने की कगार पर है। कहीं न कहीं नागरिक आपूर्ति विभाग की लचर कार्य प्रणाली का खामियाजा प्रशासन या फिर किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

# जैसा कर रहे नाप करवा लो, 20 साल भी नहीं होगी नाप

**सतना।** मध्यप्रदेश में सतना हाल ही में रामपुर बाघेलान के एक मामले में हाईकोर्ट द्वारा तल्ख टिप्पणी और एफआईआर आदेश के बाद भी जिले के राजस्व अमले के जमीनी कारिंदे (पटवारी-आरआई) हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे। ऐसा ही एक मामला रघुराजनगर तहसील की मौजा डिलौरा की आराजियों के नाप का सामने आया है, जहां नियम विरूद्ध नाप किए जाने की आपत्ति पर राजस्व अमले द्वारा फरियादी से कहा गया कि जैसी नाप कर रहे हैं करवा लो, नहीं 20 साल भी आराजी की नाप नहीं करवा पाओगे। शिकायतकर्ता विवेक जैन ने जिला अध्यक्ष (कलेक्टर) और एसडीओ रघुराजनगर को सौंपी शिकायत में बताया कि मौजा डिलौरा स्थित आराजी प्रकरण नम्बर 85/3, 85/4, 86/2/1, 207/1 और 207/2 कुल 5 किता आराजी के सीमांकन का आवेदन दिया गया था। जिसके संबंध में गठित टीम द्वारा 22 मार्च 2024 को सीमांकन किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एयरोड्रम की आराजी क्रमांक 84 नाप के लिए स्थापित बिन्दु है, लेकिन कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए स्थापित बिन्दु की अनदेखी कर जमीन में ही गड़े एक लकड़ी के खूंटे को आधार बनाकर सीमांकन किया जाने लगा, जिस पर मौके पर आपत्ति की गई, लेकिन राजस्व कर्मचारियों द्वारा बावजूद इसके भी सही सीमांकन नहीं किया गया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि आरआई और पटवारी जिन्होंने उक्त कथित आराजी को पर्दे के पीछे एग्रीमेंट कर रखे हैं और उक्त आराजी को रोड में लाने एवं शासकीय जमीन और उसकी जमीन को जानबूझकर खुर्दबुर्द करने के लिए कर रहे हैं इतना ही नहीं गठित दल में जो कर्मचारी हैं उसमे इतर राजस्व कर्मचारी भी इस खेल में शामिल हैं, जिन्होंने न केवल स्वयं सीमांकन किया, जबकि सीमांकन करने की जिम्मेदारी गठित दल की थी। पंचनामा प्रतिवेदन में असंतुष्ट होने की टीप लेख होने के बाद भी संतुष्ट होने का तथ्य लेख कर सीमांकन की पुष्टि के लिए प्रकरण वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है।

जानकारी मिलने पर नकल का आवेदन प्रस्तुत किया गया, लेकिन राजस्व कर्मचारियों के प्रभाव के चलते कई दिन बीत जाने के बाद भी नकल प्रदान नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर और जिम्मेदार अधिकारियों से सही सीमांकन कराने और दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाई कराने की मांग की है।

## गोरसी क्षेत्र में घूम रहा भालू, दहशत में आए ग्रामीण, वन विभाग ने शुरू की तलाश



**अनूपपुर।** जंगल में विश्राम करने बाद भालू देर शाम गोरसी के मैरटोला में विचरण करते हुए आ पहुंचा। जिसे ग्रामीणों ने भगाया गया। वन विभाग की टीम ने गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने और अकेले जंगल में न जाने की सलाह दी है। अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत गोरसी गांव से लगे जंगल में दो दिनों से भालू निरंतर विचरण कर रहा है। जिसे देख ग्रामीण भयभीत हैं, भालू के विचरण की सूचना मिलने पर जैतहरी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भालू पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए ग्राम पंचायत के माध्यम से मुनादी कराते हुए उन्हें सूचित कर रहे हैं। भालू को कोयलारीनाला और तिपान नदी के पास जंगल में विचरण करते हुए ग्रामीणों ने देखा है।

जंगल में विश्राम करने बाद भालू देर शाम गोरसी के मैरटोला में विचरण करते हुए आ पहुंचा। जिसे ग्रामीणों ने भगाया गया। वन विभाग की टीम ने गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने और अकेले जंगल में न जाने की सलाह दी है।

# चचाई के पास ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत, चार घायल



**अनूपपुर।** शहडोल मुख्य मार्ग के मध्य चचाई थाना अंतर्गत बाबाकुटी के पास बुधवार सुबह मेडियारास से काम करके 15 मजदूर लौट रहे थे। उनके ऑटो को अनूपपुर की ओर से जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बालक की घटनास्थल पर तथा एक वृद्ध की जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना में चार अन्य मजदूर घायल हैं, जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

शहडोल जिले के बुढार थाना अंतर्गत खरला ग्राम पंचायत के मजदूर मेडियारास में एक भवन के निर्माण कार्य में मजदूरी करने आए थे जो बुधवार सुबह ऑटो से लौट रहे थे। तभी चचाई के समीप बाबाकुटी के पास अनूपपुर की ओर से जा रहे फ्लाई एश का परिवहन करने वाले ट्रक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो में बैठे 17 वर्षीय किशोर रामभैया पिता भंडारी साहू निवासी टेढ़िया ग्राम पंचायत खरला थाना बुढार की घटनास्थल पर मौत हो गई। इसी गांव के 50 वर्षीय अमोल साय पाव की गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल अनूपपुर में मौत हो गई। घटना में 23 वर्षीय नोहरलाल पाव पिता लालमनी पाव, भगवनिया बाई पति शेखराम पाव 60 वर्ष, भीमसेन पिता उमेश पाव 19 वर्ष,सभी निवासी ग्राम टेढ़िया ग्राम पंचायत खरला को चोटें आई हैं, जिनका जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार चल रहा है।

15 मजदूर सवार थे ऑटो में जिले में लगातार यातायात विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। इसके कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं घटित हो रहे हैं। बुधवार को भी 15 मजदूर ऑटो में सवार होकर जा रहे थे इसी दौरान दुर्घटना का शिकार हो गए। तेज रफ्तार फ्लाई एश वाहन की वजह से पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

# सिटी टाइगर



कन्या महाविद्यालय की मांग को लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में लगातार जारी है अभियान। सभी छात्रों से मांगा जा रहा समर्थन। छात्रों से समर्थन मांगते एनएसयूआई के पदाधिकारीगण।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में मतगणना परिसर में बाहर व अंदर की जा रही मतगणना की तैयारियों के विषय में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।



इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवागमन के मार्गों, प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, वैरिकेटिंग, मीडिया सेंटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि 20 मई से 26 तक मतगणना स्थल में बाहर की सभी तैयारियों पूरी करें। लीज लाइन लगाने तथा मतगणना कक्षों सहित अन्य कक्षों में टेलिविजन तथा कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिये तथा कहा कि सभी कैमरों की पूर्व से ट्रायल करा लिया जाय। उन्होंने प्रवेश द्वारों में कैमरे लगाने के भी निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतगणना 4 जून को की जायेगी। मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने मतगणना संबंधी प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना दिवस में गर्मी रहेगी अतः पीने के ठण्डे पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उन्होंने मतगणना परिसर में स्वास्थ्य सुविधा के लिये एम्बुलेंस व डॉक्टर्स की टीम मुस्तैद रखने के लिये भी निर्देशित किया। इंजीनियरिंग कालेज में समीक्षा के दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिला निर्वाचन ने मतगणना स्थल में स्ट्रांग रूम का जायजा लिया तथा सीसीटीव्ही कैमरों एवं एलईडी स्क्रीन की जांच की तथा सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखने के निर्देश दिये।

## कृषि उत्पादन आयुक्त आज करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

**रीवा।** खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीबीएसई के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रीवा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय, सिरमौर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी तथा उप प्राचार्य अजय कुमार सिंह सहित समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि 12वीं का परीक्षा में 80 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसका परिणाम शत प्रतिशत रहा । 94 प्रतिशत अंक के साथ श्रेयस झा ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया इसी प्रकार 90.4 प्रतिशत अंक के साथ विकास गुप्ता ने द्वितीय तथा 90.4 प्रतिशत अंक के साथ सम्पदा द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वाणिज्य वर्ग में अंचल पाण्डेय तो मानविकी में श्रेया त्रिपाठी विद्यालय की टापर रही हैं । 12वीं के विज्ञान वर्ग में कंप्यूटर साइंस का औसत परिणाम 85.72 प्रतिशत रहा। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अर्थशास्त्र का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा है । अर्थशास्त्र का विषय औसत 74.3 प्रतिशत रहा। मानविकी वर्ग में भूगोल का विषय औसत 76.19 प्रतिशत रहा है। इसी क्रम में दसवीं कक्षा में कुल 79 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का प्राप्तांक 75 प्रतिशत से अधिक रहा । 95.2 प्रतिशत अंक के साथ कृतिका त्रिपाठी स्कूल में प्रथम ,94.6 प्रतिशत अंक के साथ सोनाक्षी द्विवेदी द्वितीय ,92.6 प्रतिशत अंक के साथ विशाल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । दसवीं में सर्वाधिक विषय औसत 87.09 प्रतिशत के साथ हिंदी का रहा है। गणित में पांच छात्र -छात्राएओं ने 99 अंक प्राप्त किए जो बड़ी उपलब्धि है।

## अपर मुख्य सचिव 17 मई को संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

**रीवा।** अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया की अध्यक्षता में आगामी 17 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के कार्यवाही बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डाड ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही बिन्दुओं से संबंधित प्रगति की जानकारी 16 मई तक प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

## नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही



रीवा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 15.05.2024 को वार्ड नंबर 14 संजय नगर, पंप हाउस के पास शुक्ला परिवार द्वारा सड़क पटरी पर टीन सेंड लगाकर पक्की ईटे की दीवाल बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल अतिक्रमण प्रभारी द्वारा मौके मे पहुँच कर हटवाया गया साथ ही समझाइस दी गई कि दुबारा अतिक्रमण किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। सिरमौर रोड, जनता कॉलेज चौराहा में सड़क पटरी पटरी पर अतिक्रमण कर सब्जी, फल की दुकाने लगाई गई थी जिसे खाली कराया गया साथ ही धोबिया टंकी से बिछिया अस्पताल तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल मौजूद रहा।

## निर्मित समान टंकी से पेयजल 20 एवं 21 मई को सप्लाई नहीं होगी

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत निर्मित समान टंकी से पेयजल आपूर्ति दिनांक 20.05.2024 को सायं एवं दिनांक 21.05.2024 को सुबह शाम पेयजल जल की सप्लाई नही होगी। उल्लेखनीय है कि हाइवे नेशनल रोड में बिछी मुख्य डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन के ऊपर संजय नगर मोड से अरुण नगर रोड तिराहा तक रोड उन्नयन एवं फ्लाई ओभर ब्रिज निर्माण के दौरान, कभर्ड नाला का निर्माण हो गया है, जिसके कारण कई क्षेत्रों की स्वच्छ पेयजल सप्लाई अवरूद्ध हो रही है। इसे सुधारने हेतु नवीन पाइप लाइन को इंटर कनेक्शन कर चालू करने का कार्य किया जाना है। एजेंसी सी.एम.आर. द्वारा दिनांक 20.05.2024 से उक्त कार्य प्रारम्भ किया जावेगा। उक्त क्षेत्रों में लगातार गंदे पानी की सप्लाई की शिकायते प्राप्त होती रही है जिसके सुधार हेतु निगम की टीम लगातार प्रयास करती रही है नवीन पेयलज पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई प्रारंभ होने के बाद उक्त क्षेत्रों में गंदे पानी की सप्लाई की समस्या से निजात मिलेगी। नवीन पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु निगमायुक्त संस्कृति जैन द्वारा लगातार सम्बंधितो को निर्देशित किया जाता रहा है परिणामस्वरूप काफी कम समय में नवीन पेयजल पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो गया है और दिनांक 22.05.2024 की सुबह से नवीन पेयजल पाइप लाइन से पयेजल की सप्लाई की जा सकेगी।

उपरोक्त अवधि में समान टंकी से पेयजल प्राप्त करने वाले क्षेत्रों संजय नगर वार्ड 14, 15, गुलाब नगर क्षेत्र, समान बांध क्षेत्र, शारदापुरम क्षेत्र, समान तिराहा से पी.टी.एस. रोड क्षेत्र, वार्ड 16 (आजाद नगर, उर्रहट), नेशनल हाइवे रोड से लगे वार्ड 12 के क्षेत्र, नेहरु नगर, अरुण नगर आदि के पेयजल उपभोक्ताओं से अपील है कि उक्त अवधि के लिये पेयजल संचित रखे। उक्त अवधि में टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने का अधिकतम प्रयास किया जायेगा।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 838203 क्विंटल गेंहू की खरीद

### समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम 5 दिन शेष



**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम 5 दिन शेष हैं। गेंहू खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 15 मई तक 17715 किसानों से 838203 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 201 करोड़ 16 लाख 89 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 716251 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 115 करोड़ 93 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 23529 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## मतगणना की तैयारियाँ देख सकते हैं उम्मीदवार

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। संसदीय क्षेत्र में शामिल सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों की ईव्हीएम इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सुरक्षित हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के लिए 4 जून की तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन प्रातः 8 बजे से विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में मतगणना आरंभ होगी। मतगणना के लिए इंजीनियरिंग कालेज में निर्धारित गणना कक्षों में आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने कहा है कि मतगणना के लिए विभिन्न विभाग आवश्यक प्रबंध 20 मई से आरंभ करेंगे। मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की उम्मीदवार अथवा उनके प्रतिनिधि जायजा ले सकते हैं। अधिकृत व्यक्ति को वैध प्रवेश पत्र के साथ ही मतगणना स्थल में प्रवेश की अनुमति होगी।

## तनाव मुक्त शिक्षा सी एम राइज विद्यालय का मुख्य उद्देश्य : अवधिया

**रीवा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनगवां में 1 मई से 15 मई तक शासन के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया गया। बुधवार को शहीद मेजर आशीष दुबे स्मृति सी एम राइस विद्यालय मनगवा में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दिलीप कुमार गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य कैलाश चंद्र अवधिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी पत्रकार विजय गुप्ता उपस्थित रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कैंप में कक्षा तीन से पांच तक संगीत एवं नित्य,



कक्षा 6 से 8 तक मेहंदी एवं चित्रकला, कक्षा 9 से 12 तक योग एवं मार्शल आर्ट छात्र छात्राओं के मनोरंजन वातावरण में सिखाया गया। उन्होंने बताया कि तनाव मुक्त शिक्षा ही समर कैंप का मुख्य उद्देश्य है। जहां छात्र पढ़ाई के दबाव में आकर डिप्रेशन का शिकार होते हैं । वह छात्र इन सब विधाओं में भाग लेकर तनाव मुक्त रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। विद्यालय में तनाव मुक्त शिक्षा ग्रहण करने वाला छात्र ही आगे चलकर होनहार छात्र के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन करेगा। एवं विद्यालय का नाम रोशन करेगा। संगीत एवं नित्य हेतु मंजुला गुप्ता ,मेहंदी एवं चित्रकला हेतु स्मृति त्रिपाठी तथा मार्शल आर्ट हेतु रजनीश साकेत ट्रेनर के रूप में छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया। 15 दिन के समर कैंप में नोडल अधिकारी के रूप में डी.एस त्रिपाठी व बाल्मिक तिवारी ने कार्य किया । संस्था प्राचार्य के.सी. अवधिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। संस्था के सभी शिक्षकों ने अवकाश काल में भी सक्रिय योगदान दिया समर कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीय विकास रूचि पूर्वक शिक्षा की व्यवशथा भी की जा रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट किया गया। संस्था से ममता सिंह , आर.सी. दास , प्रदीप सिंह परिहार, आशुतोष कुमार शुक्ला, धीरेंद्र तिवारी, नीतू सिंह, शिवकुमार यादव, देवराज वैश्य, प्रियंका महेश्वरी, मातेश्वरी प्रसाद, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, वंदना तिवारी, प्रियंका सोनी, सुजीत कुमार पांडे, लालजी सिंह, रेनू सिंह, रवनीत पटेल, सुख सागर द्विवेदी, राजेश कुमार शर्मा, नीतू पांडे, राजेश कुमार तिवारी, पीयूष चतुर्वेदी, श्यामलाल कुशवाहा, आदर्श सिंह पटेल, प्रियव्रतनाथ त्रिपाठी ने सराहनीय योगदान दिया।

## सीबीएसई बोर्ड 12 वी एवं 10 वीं परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 परिणाम रहा शत प्रतिशत

**रीवा।** सीबीएसई बोर्ड के घोषित हुए कक्षा 12वी एवम 10 वी के रिजल्ट मे पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 रीवा में अध्ययनरत 12 वी के तीनों संकायों तथा 10 वी का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा । विद्यालय के छात्रों को यह उपलब्धि केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक रीवा के प्राचार्य श्रीमती महालक्ष्मी जी, उप प्राचार्य, एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग के अधिकारियों के निरंतर मार्गदर्शन एवम शिक्षकों की कडी मेहनत का नतीजा है।

## रीवा रेलवे स्टेशन में यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा

**रीवा।** प्रकाश शिवनानी क्षेत्रीय रेल सलाहकार ने बताया है कि रीवा स्टेशन पर ठंडा पानी पिलाने हेतु वाटर कूलरों का लोकार्पण सिन्धी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह के कर कमलों एवं रेल अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया है. वाटर कुलरों के लोकार्पण के दौरान रीवा सिन्धु समाज द्वारा रेल यात्रा कर रहे मरीजों के लिए 2 फोल्डिंग स्ट्रेचर भी रीवा स्टेशन के रेल प्रबन्धन को सौपी गई। रीवा जबलपुर मण्डल का पहला स्टेशन होगा जहां पर रेल सलाहकार सदस्य प्रकाश शिवनानी के प्रयासों से समाज सेवियों द्वारा एक साथ 6 वाटर कूलर डोनेशन में दिए गए है, जो कि रीवा स्ट्रेशन के लिए एक कीर्तिमान होगा।

## भारतीय मानवाधिकार एसो.के रामायण प्रसाद पाण्डेय कृषि संरक्षण सचिव नियुक्त



**रीवा।** भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अजय चौधरी की सहमति से प्रदेश कृषि संरक्षण प्रमुख सुधाकर पाण्डेय ने रामायण प्रसाद पाण्डेय को संभागीय सचिव कृषि संरक्षण के पद पर नियुक्त किया है। रामायण प्रसाद पाण्डेय ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश पदाधिकारियों का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन के द्वारा दी गई है उसका निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा। रामायण प्रसाद पाण्डेय के संभागीय सचिव कृषि संरक्षण बनाये जाने पर प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव, म.प्र.कल्याण सचिव डॉ.रजनीकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा, जिला प्रभारी लवकुश गुप्ता, संजीव गुप्ता मीडिया प्रभारी ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए लगातार किये जा रहे हैं प्रयास

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है। इस संबंध में सीएमएचओं डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि आज 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। सामुदायिक सहभागिता एवं जागरूकता से डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण संभव है। डेंगू की बीमारी डेन नामक वायरस के कारण होती है। एव एडीज मच्छर के कारण भी बीमारी फैलती है। इस प्रकार संक्रमित मच्छर से मनुष्य में एवं रोगी व्यक्ति से एडीज मच्छर में बीमारी का संक्रमण होता रहता है। यह बीमारी किसी भी व्यक्ति हो सकती है। एडीज मच्छर के काटने से बचाव कर एवं एडीज मच्छर की पैदाइस अपने आस पास के स्थानों मे एवं घरो मे रोककर इस बीमारी से बचा जा सकता है। डेंगू होने पर समय से सही उपचार लेकर रोगी ठीक हो सकता है।%

डेंगू होने पर 2 से 7 दिन बुखार, सिरदर्द, मांसपेसियों में दर्द, आखो के आसपास दर्द खसरा के जैसे चक्ते / दाने छाती व दोनो हाथो में हो सकते है। गंभीर अवस्था में नाक, मसूडों, पेट/आंत, से खून का रिसाव होता है। मल काला होना, ओठ का नीला होना, और हिमेटोकीट 20 प्रतिशत या उससे अधिक बढा हो, प्लेटलेटस 50,000 क्यूबिक मि.मी या इससे कम हो। बुखार आने एवं इन लक्षणों के पहले ही दिन चिकित्सालय में डाक्टरी सलाह लेकर उपचार प्रारंभ कर देना चाहिए। बिलंब से उपचार के कारण डेंगू शॉक सिंड्रोम एवं डेंगू हेमरेजिक फीवर हो सकता है। डेंगू बुखार के इलाज की कोई विशिष्ट दवा नही है। मरीज के बीमारी के जो-जो लक्षण दिलाई देते है उसी के अनुसार मरीज का उपचार किया जाता है। बुखार होने पर मरीज को केवल पैरासिटामाल गोली का सेवन कराना चाहिए। मरीज को सेलिसिलेट, एस्प्रिन अथवा अन्य दर्द निवारक गोली का सेवन नहीं कराना चाहिए। मरीज को अधिक पसीना, उल्टी अथवा दस्त होने से शरीर में पानी की कमी होती है। डिहाइड्रेसन न हो इस हेतु पर्याप्त मात्रा में पेय जैसे- जूस/चावल का पानी/ कंजी/फलों का रस / पानी/ओआरएस का घोल लेना चाहिए तथा मरीज को आराम करना चाहिए।

डेंगू की रोकथाम के लिये घर के आसपास तथा कंटेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें। कुलर तथा पानी के बडे बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करे। छत पर एवं घर के पीछे रखे अनुपयोगी सामान टूटे बर्तन, मटके, खुली टंकियों, बेकार फेंके हुए टायर, गमले इत्यादि में बारिश का पानी जमा न होने दें।

पानी से भरे कंटेनरों का ढक्कर रखे ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे सके। लार्वा विनिष्टीकरण हेतु अनुपयोगी पानी में जला हुआ इंजन आयल / कैरोसीन/खाने का तेल डाला जा सकता है। सोते समय मच्छरदानी लगाए, पूरी बांहे के कपड़े पहने। खिडकी दरवाजों में मच्छररोधी जाली लगाए। बुखार आने पर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां की निःशुल्क जॉच शासकीय अस्पताल में कराये। मलेरिया होने पर पूर्ण उपचार लें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833